



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024


## पीएम मोदी को गुयाना और डोमिनिका का शीर्ष पुरस्कार



**जॉर्जटाउन।** गुयाना और डोमिनिका ने कोविड-19 महामारी के दौरान दोनों कैरेबियाई राष्ट्रों को दी गई मदद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान के लिए मोदी को देश के शीर्ष पुरस्कारों से सम्मानित किया है। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया।




## झोलाछाप डॉक्टर ने लगाया इंजेक्शन वार्डन की मौत



**अंबिकापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक लोगों की जान के दुश्मन बन हुए है। ऐसा ही एक मामला बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र से सामने आया है जहां पाइल्स का इलाज करने के नाम पर लगाए गए दर्द के इंजेक्शन से होस्टल अधीक्षिका की मौत हो गई। इंजेक्शन लगने के एक मिनट के अंदर महिला ने दम तोड़ दिया। अब इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैरवपुर निवासी 40 वर्षीया गायत्री तिर्की पति लवकुश तिर्की जगिमा पहाड़ी कोरवा आश्रम में होस्टल अधीक्षिका के पद पर पदस्थ थी। सीएमएचओ, डॉ. बसंत सिंह ने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। बीएमओ को नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए है।

# छग में पहले नहीं आई ऐसी औद्योगिक नीति विकसित राज्य के सपने को करेगी साकार

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लांच होने के बाद इस पर विमर्श और मंथन जारी है। खास बात ये है कि उद्योगपति भी मान रहे हैं, छत्तीसगढ़ में अब से पहले ऐसी उद्योग नीति आई नहीं है। उद्योगों के लिए जो प्रावधान किए गए हैं वे इस राज्य को विकसित प्रदेश का सपना पूरा करने वाले हैं। उद्योग जगत के लोग मानते हैं कि पॉलिसी की नीति और नीयत बिल्कुल साफ और पारदर्शी है। सरकार का इरादा है कि इस नीति के क्रियान्वयन से राज्य में 1 लाख करोड़ रुपयों का निवेश आए और पांच लाख लोगों को रोजगार मिले। नीति में पहली बार बड़े पैमाने पर सब्सिडी प्रदान की गई है। यही नहीं, उद्योगपति, सेवा, इंड्रस्टीज और वहां काम करने वालो के स्किल डेवलपमेंट को ध्यान में रखकर ये पॉलिसी बनाई गई है। नई औद्योगिक विकास नीति पर हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने चर्चा कार्यक्रम के तहत राज्य के उद्योग सचिव रजत कुमार, प्रसिद्ध उद्योगपति बजरंग अग्रवाल, राघवेंद्र सिंघानिया और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ के अध्यक्ष अमर पारवानी से विस्तार से चर्चा की। उद्योग जगत के लोगों ने न केवल सवालों के जवाब दिए, बल्कि उद्योग सचिव रजत कुमार से सवाल कर अपनी जिज्ञासा शांत की। प्रस्तुत है चर्चा के संपादित अंश-

डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने की रजत कुमार, बजरंग अग्रवाल, सिंघानिया और पारवानी से चर्चा



चर्चा

### रजत कुमार, उद्योग सचिव

▶▶ *कैसे ये औद्योगिक नीति दुनिया और देश के लिए खरी उतरती है*

▶▶ मेरा मानना है कि कोई भी गवर्नमेंट पॉलिसी हो या प्रोग्राम उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि उसे कैसे बनाया जाता है। इस पॉलिसी को बनाने के लिए पुरानी पॉलिसी को देखकर सुधारा गया बल्कि कोशिश की गई है कि उद्योगों को जो परेशानी आती है अलग अलग उद्योगों के लिए। उसमें ये कोशिश की गई है कि सिंगल पॉलिसी बनाई जाए। साथ ही कोशिश ये भी रही है कि जैसा कि हमें सीएम ने बताया सब्सिडी को इस तरह डिस्ट्रीब्यूट करें। ताकि समावेशी विकास हो सके। पहले थ्रस्ट एरिया आईडेंटीफाई किए गए हैं जहां छत्तीसगढ़ का स्ट्रेंथ है। हमने सेवा को कभी इंड्रस्टी के रूप में नहीं देखा। इस बार सर्विस सेक्टर में जो भी अनुदान दिए जाएंगे उसे लाया गया है। मेरा पूरा विश्वास है क्योंकि पहली बार पॉलसी निरंतर डिसकस करके बनाई गई। पुरानी पॉलिसी में जो अच्छा था उसे भी शामिल किया गया है। उद्योगपति, सेवा, इंड्रस्टीज और वहां काम करने वालो के स्किल डेवलपमेंट को ध्यान में रखकर ये पॉलिसी बनाई है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बजरंग अग्रवाल, उद्योगपति

▶▶ *सरकार का दावा है कमाल कर दिया है इस बार पॉलिसी में, वो कमाल आप तक भी पहुंचा है या संदेह के बादल आपके जहन में भी है। और हैं तो उसके निराकरण के लिए रजत कुमार जी अपने साथ हैं, क्या कहते हैं आप ?*

▶▶ राज्य गठन के बाद इससे बढ़िया पॉलिसी आज तक नहीं आई। सभी क्षेत्रों का, सभी वर्गों का इतनी बारीकी से ध्यान रखा गया है। ये काबिले तारीफ है। ये मैं मानता हूं कि कोर सेक्टर की जो इंड्रस्टीज है, उनके लिए कुछ भी नहीं था, सीमेंट है, लोहा है, पावर है। ये हमारे मेन रिसोर्सेज है इनको तो यूज करना ही ही है। इन्हें धरती में गड़ा हुआ तो देख नहीं सकते हैं। इस क्षेत्र में, भी काफी वर्षों के बाद इन्होंने अच्छी पॉलिसी लेकर आए हैं। उसे भी सब्सिडी में ले लिया इन्होंने जो कि पिछले पॉलिसी में नहीं थी, उसे भी सब्सिडी में इन्होंने कवर कर लिया। अच्छी खासी सब्सिडी है, कोई छोटी मोटी नहीं है। यदि जीएसटी की बात करूं तो दो ढाई हजार रुपए प्रति टन दिया है जो सब्सटेंशिलय है, 50 हजार टन का लोहा होता है, उसमें करीब 4 परसेंट दिया है। तो लोहे के व्यापार में चार परसेंट बढ़ जाए तो काफी बड़ी बात है। ये एक माध्यम होगा, नए सीमेंट या स्टील प्लांट हैं, उनके लिए। ▶▶|शेष पेज 4 पर

एसईसीएल चिरमिरी में एसीबी की कार्रवाई

## इंजीनियरिंग असिस्टेंट, कार्यालय अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

एसईसीएल चिरमिरी में टेंडर के बाद वर्क आर्डर नहीं मिलने से परेशान एक ठेकेदार के शिकायत पर गुरुवार को एसीबी अंबिकापुर की टीम ने रिश्वत लेते इंजीनियरिंग असिस्टेंट और कार्यालय अधीक्षक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद से एसईसीएल चिरमिरी में हड़कंप मच गया है। एसीबी की टीम दोनों कर्मियों को हिरासत में लेकर इनसे पूछताछ भी कर रही है।

- वर्क आर्डर जारी करने के नाम पर मांगे थे 11 हजार रुपए

जानकारी के अनुसार प्रार्थी अंकित मिश्रा निवासी आमाखेरवा रोड मनेन्द्रगढ़ ने एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर में शिकायत की थी कि वह एसईसीएल में ठेकेदारी का कार्य करता है, उसे जीएम कार्यालय (एसईसीएल) चिरमिरी जिला एमसीबी द्वारा जारी निर्माण कार्य का टेंडर प्राप्त हुआ था। लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ट्रैप कर पकड़ा

सत्यापन पश्चात 21 नवंबर को ट्रैप आयोजित कर आरोपी संजय कुमार सिंह को प्रार्थी से 7000 रुपए एवं उसके सहयोगी व्ही. श्रीनिवास को 4,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उसके निवास स्थानों की तलाशी भी ली गई। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 एवं 12 पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।






## के. संजय मूर्ति ने कैग की ली शपथ



**नई दिल्ली।** पूर्व उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति को बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रूप में शपथ दिलाई। हिमाचल प्रदेश काडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मूर्ति, गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे। मूर्ति को सोमवार को केंद्र सरकार ने नया सीएजी नियुक्त किया था। गिरीश चंद्र मुर्मू ने बुधवार को सीएजी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया।

## महाकुंभ में आईआरसीटीसी बनाएगा 'टेंट सिटी'

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड अगले साल के महाकुंभ मेले को लेकर प्रयागराज में एक टेंट सिटी विकसित करने जा रहे हैं। 'महाकुंभ ग्राम' तीर्थयात्रा और पर्यटन परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी योगदान होगा। इसमें विलासिता पूर्ण आवास और सांस्कृतिक अनुभव को भारत की आध्यात्मिक विविधता के साथ जोड़कर एक अनोखा अनुभव प्रदान करेगा।

## बस-ट्रक की टक्कर में पांच की मौत, 16 जख्मी

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक निजी बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। दिल्ली से आजमगढ़ जा रही एक डबल डेकर बस की टप्पल क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक से टक्कर हो गयी। भीषण हादसे में 21 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें नजदीक में नोएडा के जेवर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पारुल गिरि (26), हंसमुख (37), आरव (आठ माह) और दो अज्ञात लोगों की मौत हो गयी।







*महाराष्ट्र में विधानसभा नतीजों से पहले ही महाविकास अघाड़ी में मुख्यमंत्री पद को लेकर बयानबाजी शुरू हो गई है। गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने कहा है कि मुख्यमंत्री तो उनका ही होगा। कांग्रेस की तरफ से आए इस बयान पर शिवसेना (उद्धव गुट) ने आपत्ति जताई है।*

# नतीजों से पहले ही कांग्रेस ने किया सीएम पद पर दावा

## एमवीए में रार, पटोले के बयान पर राउत ने जताई आपत्ति

### शिवसेना ने कहा, बैठक में होगा सब तय

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



संजय राउत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम मानने वाले नहीं है। महाराष्ट्र में बुधवार 20 नवंबर को मतदान हुआ संपन्न हुआ। इस बार के चुनाव में 65 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इन वोटों की गिनती आगामी 23 नवंबर शनिवार को होनी है लेकिन परिणाम से पहले ही महाविकास अघाड़ी की ओर से मुख्यमंत्री को लेकर दावेदारी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र इकाई के कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है कि प्रदेश में बनने वाली नई सरकार का सीएम तो कांग्रेस का ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लीडरशिप में ही महाविकास अघाड़ी की सरकार बनेगी। कांग्रेस राज्य में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगी और उसके नेतृत्व में महा विकास अघाड़ी की सरकार बनेगी। नाना पटोले ने कहा कि ये काले पत्थर पर सफेद लकीर है।महा विकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने नाना पटोले के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम नहीं मानेंगे। और कोई भी नहीं मानेगा। गठबंधन के सभी दल आपस में बैठकर तय करेंगे की मुख्यमंत्री कौन होगा। अगर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या फिर खड़गे ने कहा होता कि आप सीएम बनोगे, तब उनको ये ऐलान करना चाहिए।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के आएंगे 23 को नतीजे

**65 फीसदी वोटरों ने किया मतदान**

*बुधवार को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य की 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद दोनों गठबंधनों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं। हालांकि एग्जिट पोल में महायुति को मजबूत स्थिति में दिखाया जा रहा है। वहीं साल 2019 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की बात करें तो उस समय राज्य में 61.74 फीसदी वोटिंग हुई थी।*

**महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच है लड़ाई**

*इस चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन की ओर से कांग्रेस 101, शिवसेना यूबीटी 95 और शरद पवार की एनसीपी 86 सीटों पर चुनाव लड़ी है। जबकि महायुति की ओर से बीजेपी 149, शिवसेना शिंदे गुट 81 और अजित पवार की एनसीपी 59 सीटों पर चुनाव लड़ी है।*

### ज्यादा मतदान का अर्थ बदलाव उद्धव गुट

महाराष्ट्र में मतदान का फाइनल आंकड़ा सामने आने के बाद शिवसेना-यूबीटी ने दावा किया है कि महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की सरकार बनेगी। उद्धव ठाकरे गुट के नेता आनंद दुबे ने बयान जारी कर कर कहा, 'जब भी किसी चुनाव में मतदान प्रतिशत बदलता है तो जनता बदलाव चाहती है।'

## यासीन मलिक मामले में निष्पक्ष सुनवाई पर जोर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी यासीन मलिक से जुड़े मामले में निष्पक्ष सुनवाई पर जोर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि आतंकवादी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। सीबीआई द्वारा एक आदेश के खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। सीबीआई ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को 1989 में भारतीय वायुसेना के चार जवानों की हत्या से संबंधित मामले में जम्मू की एक कोर्ट में फिजिकल रूप से पेश करने के आदेश के खिलाफ अपील की थी। सीबीआई ने सुरक्षा का हवाला दिया था और यासीन मलिक को शारीरिक रूप से पेश करने के आदेश पर आपत्ति जताई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ को बताया कि कश्मीरी अलगाववादी को सुनवाई के लिए दिल्ली की तिहाड़ जेल से जम्मू नहीं लाया जा सकता।



■ सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आतंकी कसाब का दिया हवाला

### जंग में पहली बार इस हथियार का इस्तेमाल

# रूस ने किया यूक्रेन पर खतरनाक आईसीबीएम मिसाइलों से अटैक

एजेंसी ▸▸| कीव

रूस ने यूक्रेन के डिन्प्रो शहर पर 21 नवंबर की सुबह 5 से 7 बजे के बीच आईसीबीएम मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया। इस जंग में पहली बार इंटरकॉन्टीनेंट बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया है। संभावना है कि इसके लिए रूस ने आरएस-26 रुबेझ मिसाइलों का इस्तेमाल किया हो, जिसे अस्त्राखान इलाके से दागा गया था। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले की पुष्टि की है। इस मिसाइल के अलावा किंझल हापरसोनिक और केएच-101 क्रूज मिसाइलों से भी हमला किया गया है। यूक्रेनी वायुसेना ने इस बात की पुष्टि की है कि उनके महत्वपूर्ण संस्थानों, इमारतों और ढांचों को नुकसान पहुंचा है। इस हमले में गैर-परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। क्रूज मिसाइलों को दागने के लिए रूस ने अपने लंबी दूरी के बमवर्षकों टीयू-95एमएस का इस्तेमाल किया है। ये बमवर्षक वोल्गोग्राड इलाके से उड़े थे. जबकि किंझल हाइपरसोनिक मिसाइलों को ताम्बोव इलाके से उड़े एमआईजी-31के फाइटर जेट से दागा गया था।





### रूस का दावा- ब्रिटिश मिसाइल स्टॉर्म शैडो को मार गिराया

इस बीच रूस की तरफ से दावा किया गया है कि उसके हवाई डिफेंस सिस्टम ने दो ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराया है। इन मिसाइलों को यूक्रेन ने रूस की तरफ दागा था। पहली बार यूक्रेन ने इस मिसाइल का इस्तेमाल रूस के खिलाफ किया था। बता दें, 20 नवंबर 2024 को यूक्रेन की इंटेलिजेंस ने दावा किया था है कि रूसी सेना अपने इंटरकॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल आरएस-26 रूबेझ को दागने की तैयारी कर रहा है। ये मिसाइल कपुस्तिन यार एयर बेस से लॉन्च की जाएगी। इस इलाके को अस्त्रखान भी कहते हैं। संभावना है कि इस मिसाइल में परमाणु हथियार न हो। लेकिन कम तीव्रता वाला परमाणु हथियार या खतरनाक पारंपरिक वेपन लगा सकते हैं।

### 'आईसीबीएम स्ट्राइक पर चुप रहना' रूसी प्रवक्ता को सीधे क्रेमलिन से फोन

रूस ने यूक्रेन पर गुरुवार तड़के आईसीबीएम मिसाइलों से हमला किया। लेकिन आईसीबीएम मिसाइलों से हमले के बारे में कुछ भी बोलने से रूसी प्रवक्ता को इनकार किया गया है। दरअसल, रूस की ओर से किए गए हमले के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस चल रही थी. इस पीसी को रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा संबोधित कर रही थीं। तभी अचानक क्रेमलिन की ओर से एक फोन आया और उन्हें आईसीबीएम मिसाइल हमले पर कुछ भी बोलने से इनकार किया गया। उनसे कहा गया कि आईसीबीएम हमले पर चुप रहो. लेकिन इस बातचीत के दौरान मारिया माइक ऑफ करना भूल गई, जिसके चलते उनकी आवाज़ बाहर आ गई।



### इधर, अमेरिका का दावा

अमेरिकी न्यूज चैनल एबीसी न्यूज ने पश्चिमी देशों के अधिकारियों के हवाले से कहा है कि यूक्रेन हमले को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा है। ये हमला रूस ने किसी सामान्य क्रूज या बैलिस्टिक मिसाइल से किया है। इसके लिए आईसीबीएम का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इससे पहले बुधवार को यूक्रेन ने ब्रिटेन की स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइल और मंगलवार को अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइल से हमला किया था।

## खैबर-पख्तूनख्वा में यात्री वाहनों पर हमला, 50 लोगों की मौत




पाकिस्तान में 8 सालों में सबसे बड़ा आतंकी हमला

एजेंसी ▸▸| पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को आतंकवादियों ने यात्रियों को ले जा रहे तीन वाहनों को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य लोग घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के कुर्रम जिले में वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि ये वाहन पाराचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर की ओर आ रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिला अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में आठ महिलाओं और पांच बच्चों समेत 50 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि अधिकतर मृतक शिया समुदाय के थे।

### काफिले में 200 से अधिक वाहन

एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि तालिबान के प्रभुत्व वाले इलाकों में वाहनों पर घात लगाकर हमला किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, काफिले में 200 से अधिक वाहन थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रांत के कानून मंत्री, क्षेत्र के सांसदों और मुख्य सचिव के एक प्रतिनिधिमंडल को स्थिति का आकलन करने और एक रिपोर्ट पेश करने के लिए तुरंत कुर्रम जाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रांत की सभी सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रांतीय राजमार्ग पुलिस इकाई के गठन की खातिर कार्य करने का भी निर्देश दिया। गंडापुर ने शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पीड़ितों के परिवारों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना बेहद दुखद और निंदनीय है। इस वारदात में शामिल लोग कानून की पकड़ से बच नहीं पाएंगे।'



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




एक समय ऐसा था जब इस गांव में नक्सली दहशत के कारण लोग के पैर इस इलाके में जाने की सोचने से भी थर-थराते थे। अब इस गांव में सड़क बनाने की योजना बनाई जा रही है। विकास के इस काम में उस वक्त से तेजी आई, जब देश के गृहमंत्री अमित शाह ने सन 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया किए जाने की बात कही थी। यह सड़कें खूंखार नक्सली हिड़मा के सुकमा स्थित पैतृक गांव पूर्वती भी जाएगी, जो नक्सलियों का पनाहगार क्षेत्र रहा है।



*नक्सलियों की खौफ से जहां जाने में थर-थराते थे पैर, अब वहां बीआरओ बनाएगी सड़क*

# फोर्स के बाद अब खूंखार नक्सली हिड़मा के गांव में 'घुसेगी' सड़क, बीआरओ बनाएगा 189 किमी रास्ता

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का एक गांव है पूर्वती, जो बस्तर के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव में शामिल है। यह खूंखार नक्सली हिड़मा ▶▶|शेष पेज 4 पर



### बॉर्डर रोड आर्गनाइजेशन ने बनाई सड़क बनाने की योजना

हिड़मा की दहशत इतनी है कि लोग मुंह तक नहीं खोलते, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। यहां सीआरपीएफ के कैंप खुलने से पूवर्ती-कोंडापल्ली एवं तर्रेम-कोंडापल्ली क्षेत्र में बॉर्डर रोड आर्गनाइजेशन की ओर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सिलेगर में कड़ी सुरक्षा के बीच विकास के काम

सुरक्षाबलों के कैंप के कारण इस क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। सुरक्षाबलों की निगरानी में इस क्षेत्र में सड़क का निर्माण हुआ है, जिससे ये क्षेत्र अब तेजी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री साय भी बढ़ा रहे जवानों के हौसले



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा लगातार बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में दौरा कर जवानों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। दो दिन पहले बस्तर प्रवास पर पहुंचे विष्णुदेव साय ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया कि वे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सीआरपीएफ कैंप में रात्रि विश्राम किया।

### पहली प्राथमिकता सड़कों का निर्माण

फोर्स की पहली प्राथमिकता सड़कों का निर्माण करना है, इसलिए बस्तर को चारों दिशाओं से बेहतर कनेक्टिविटी देने फोर्स के जवान निर्माण एजेंसी को सुरक्षा देने का काम करते रहे हैं, ताकि समय पर और सुरक्षित ढंग से काम पूरा हो सके। सड़क बनने से क्षेत्र की जनता को सुविधा होगी।

-सुंदरराज पी.
आईजी, बस्तर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट



**नई दिल्ली।** गाजा और लेबनान में दो मोर्चों पर जंग लड़ रहे इजरायल को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। अंतरराष्ट्रीय अदालत ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि "मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराध" के गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाता है।

### टेम्पो ने बस को मारी टक्कर, 14 लोग घायल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में बृहस्पतिवार तड़के मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक टेम्पो ने एक निजी बस में टक्कर मार दी। इससे 14 लोग घायल हो गए। यह घटना तड़के करीब तीन बजे हुई। बस सांगोला से मुंबई जा रही थी, जिसमें 11 लोग सवार थे।

### बस पलटने से सात यात्रियों की मौत



**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में बृहस्पतिवार को पटना जा रही एक बस के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम सात यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर गोरहर थाना क्षेत्र के पास हुई।

### खिल्ली राम मिजोरम के नए मुख्य सचिव



**आइजोल।** खिल्ली राम मीना को मिजोरम का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर के 1993 बैच के अधिकारी मीना ने अपने मूल कैडर में वापस भेजे जाने से पहले अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य किया है।

*महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप*

# रिश्वत के आरोप में घिरे अदाणी, भारतीय अधिकारियों को दिए 25 करोड़ डॉलर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

न्यूयॉर्क की एक अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा आपराधिक अभियोग दायर किया गया है, जिसमें उन पर तथा उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश जैसे राज्य सरकारों के अज्ञात अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है, ताकि 20 वर्षों में दो अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का लाभ कमाया जा सके। मुकदमे के अनुसार, नयी दिल्ली स्थित एज्यूर पावर भी कथित रिश्वतखोरी साजिश का हिस्सा थी। इसके अलावा, अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने भी गौतम और सागर अदाणी तथा एज्यूर पावर के एक अधिकारी पर संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी-रोधी प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अदाणी समूह से इस संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन ▶▶|शेष पेज 4 पर

*उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिकी अभियोजकों ने भारत में सौर बिजली अनुबंध हासिल करने के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। भारत के दूसरे सबसे अमीर शख्स अदाणी पर अमेरिकी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों में रिश्वतखोरी और प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।*

### छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु जैसे राज्यों को दिया ऑफर

**अदाणी ग्रीन ने 60 करोड़ डॉलर की बॉन्ड बिक्री की रद्दः** अरबपति गौतम अदाणी के समूह की अक्षय ऊर्जा शाखा अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को 60 करोड़ डॉलर का बॉण्ड जारी करने से इंकार कर दिया। कंपनी के प्रवर्तक पर अमेरिका में कथित रिश्वतखोरी के एक मामले में आरोप लगाए गए हैं।




### गौतम अदाणी पर लगे पांच अभियोग

- सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का वादा करना
- प्रतिभूतियों और वायर धोखाधड़ी की साजिश रचना
- अमेरिकी निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थानों को झूठ बोलकर धोखा देना
- कई अरब डॉलर के हेर फेर करने की कोशिश की योजना बनाना
- भ्रामक बयान देने का आरोप

### अदाणी की संपत्ति 2.45 लाख करोड़ घटी

अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सुबह के कारोबार में भारी गिरावट आई। इसकी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन संयुक्त रूप से 2.45 लाख करोड़ रुपए घट गया। बीएसई पर समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 22.99 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 20 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 20 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 19.53 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस में 18.14 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सियासी सरगर्मी

### राहुल बोले- अदाणी को किया जाए गिरफ्तार



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा उद्योगपति गौतम अदाणी को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा भी किया कि गौतम अदाणी की गिरफ्तारी नहीं होगी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनके साथ मिले हुए हैं। राहुल ने कहा, यह बहुत स्पष्ट हो गया है कि अदाणी ने अमेरिका और भारत दोनों देशों में कानूनों को तोड़ा।

### चार राज्यों में नहीं थी भाजपा की सरकार



भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने राहुल के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। पात्रा ने कहा, अभियोग में उल्लिखित अवधि के दौरान जिन चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ तमिलनाडु में अनुकूल शर्तों के बदले सरकारी अधिकारियों को कथित तौर पर 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की रिश्वत दी गई थी।

### अदाणी ग्रुप ने आरोपों को बताया निराधार




*अदाणी ग्रुप ने अमेरिकी अधिकारियों के रिश्वतखोरी के आरोपों को गुरुवार को खारिज करते हुए इन्हें निराधार बताया और कहा कि ग्रुप सभी कानूनों का अनुपालन करता रहा है। ग्रुप ने कहा कि वह इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। अदाणी ग्रुप के प्रवक्ता ने बयान में कहा, अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और हम इन्हें खारिज करते हैं। प्रवक्ता ने अमेरिकी न्याय विभाग के बयान का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि अभियोग केवल 'आरोप' हैं और जब तक दोष साबित न हो जाए तब तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाएगा।*

## सीएम साय ने मंत्रियों, विधायकों और भाजपा नेताओं के साथ देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, कई विधायकों और भाजपा नेताओं के साथ गुरुवार को द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। इस फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय अपने परिवार के साथ शाम को 7.30 बजे पीवीआर सिनेमा मैग्नेटो मॉल में फिल्म देखने के लिए पहुंचे। इसी के साथ फिल्म देखने के ▶▶|शेष पेज 4 पर

**तहसीलदार से मारपीट का मामला**

## 300 अधिकारियों ने कलेक्टर-आईजी कार्यालय घेरा, मजिस्ट्रेट जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सरकंडा थाने में नायब तहसीलदार के साथ हुई मारपीट का मामला तुल पकड़ने लगा है। गुरुवार को प्रदेश भर के 300 से अधिक कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मामले में निष्पक्ष व मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर कलेक्टर और आईजी कार्यालय का घेराव किया। साथ ही अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सरकंडा थाने में तहसीलदार ▶▶|शेष पेज 4 पर



### यह है मामला

सरकंडा थाने में बीते 16 नवंबर की रात बस्तर जिले में पदस्थ नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र मिश्रा अपने भाई के साथ जा रहे थे, इस दौरान गश्त पुलिस ने उन्हें रोका।

### यह मांग है प्रमुख

संघ की ओर से कहा गया है कि तहसीलदार के साथ टीआई और सिपाही द्वारा अमर्यादित व्यवहार किया गया है। 2 से 3 दिनों के भीतर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं नायब तहसीलदार और उनके परिवार के विरूद्ध दर्ज केस निरस्त की जाए।

**राजधानी के सीनियर सिटीजंस को सुविधा देने की तैयारी**

# 70 प्लस को पांच लाख की मुफ्त मेडिकल सुविधा, अलग से बनेगा आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

70 साल से अधिक आयु वाले सीनियर सिटीजन को अब पांच लाख रुपए का अतिरिक्त हेल्थ कवर प्रदान किया जाएगा। राज्य में इस दायरे में आने वाले सभी वृद्धजनों का अलग से आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा। रायपुर जिले में इसकी शुरुआत के लिए आचार संहिता समाप्त होने का इंतजार किया जा रहा है। अभी रायपुर जिले में सामान्य कार्ड बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न ▶▶|शेष पेज 4 पर



### केवल आधार कार्ड की आवश्यकता

सामान्य तरीके का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशनकार्ड की आवश्यकता होती है। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के लिए इसकी बाध्यता नहीं होगी केवल आधार कार्ड की मदद से यह कार्ड बनाया जा सकेगा।

### किस तरह के आयुष्मान कार्ड

1. एपीएल राशन कॉर्डधारी हितग्राहियों को 50 हजार तक निशुल्क उपचार की सुविधा
2. बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 5 लाख तक उपचार की सुविधा
3. आयुष्मान वय वंदना कॉर्ड 70 साल से अधिक आयु वालों के लिए 5 लाख की उपचार सुविधा

### प्रदेश में कार्ड की सुविधा

1. वर्ष 2018 से लेकर अब अब तक आयुष्मान कार्डधारकों की संख्या 23121232
2. अब तक 3780618 हितग्राहियों को मिला निशुल्क उपचार का लाभ
3. राज्य में 1031 शासकीय और 551 निजी अस्पतालों में उपचार की सुविधा




## चिंतन

# रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करवाए विश्व बिरादरी

जिसका डर था, वही हुआ। रूस, युक्रेन युद्ध अत्यंत खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को दावा किया है कि रूस ने उसके निप्रो शहर पर इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल से हमला किया। ये हमले अस्त्राखान इलाके से किए गए। इससे पहले रूस ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने 19 नवंबर को पहली बार अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइलें उसके इलाके में दागीं। रूस ने दावा किया कि उन्होंने 5 मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन और अमेरिका के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है। दोनों ओर से किए गए इन दावों के बाद पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। तनाव बढ़ने के बाद 3 नॉर्डिक देशों ने युद्ध अलर्ट जारी किया है। नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क ने अपने नागरिकों से जरूरी सामानों का स्टॉक रखने और अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, इन देशों की सीमाएं रूस और यूक्रेन से सटी हैं। यूक्रेन पर परमाणु हमले की स्थिति में इन देशों पर असर पड़ सकता है। नॉर्वे ने पर्चे बांटकर अपने नागरिकों को युद्ध को लेकर आगाह किया है। स्वीडन ने भी अपने 52 लाख से ज्यादा नागरिकों को पर्चे भेजे हैं। उन्होंने परमाणु युद्ध के दौरान विकिरण से बचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आयोडीन की गोलियां रखने के भी निर्देश दिए हैं। असल में बीते तीन दिनों में हालात तेजी से बदले हैं। अमेरिका ने यूक्रेन की राजधानी कीव में अपना दूतावास बंद कर दिया है। जर्मनी ने नाटो के 8 लाख सैनिकों को मोबिलाइज करने का प्लान तैयार कर लिया है। यूक्रेन ने 19 नवंबर को रूस पर 6 अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस वॉर में यह पहली बार है जब यूक्रेन ने लॉन्ग रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अमेरिका ने इसकी इजाजत 17 नवंबर को ही दे दी थी। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को परमिशन दिए जाने के बाद 19 नवंबर को रूस ने अपने न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन में बदलाव किए। आशंका जताई जा रही है कि इस हमले को रूस, अमेरिका के सीधे हमले की तरह देख रहा है। पूरी दुनिया इससे यह समझ रही है कि युद्ध के दौरान रूस कुछ बड़ा करने वाला है। इसके पीछे उस बयान को भी अहम माना जा रहा है जो रूसी विदेश मंत्री ने दिया। 19 नवंबर को मंत्री सरगेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के हमले का मतलब है कि पश्चिमी देश इस वॉर को और बढ़ाना चाहते हैं। रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका के ऑपरेशनल सपोर्ट के बिना इन मिसाइलों को लॉन्च नहीं किया जा सकता। ऐसे में अमेरिका सीधे तौर पर रूस के सामने हैं, जिसका जवाब देने के लिए वह बाध्य है। रूस के अनुसार वह इस हमले को वॉर के नए फेज की तरह देख रहा है और उसी तरह इसका जवाब भी देगा और वही हुआ। बृहस्पतिवार को रूस ने यूक्रेन के निप्रो शहर पर इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल से हमला किया। यूक्रेन की एयर फोर्स ने दावा किया कि आईसीबीएम के अलावा रूस ने 7 केएच-101 क्रूज मिसाइल से भी हमले किए। इनमें से 6 मिसाइलों को मार गिराया। रूस ने यूक्रेन पर किन्जल हाइपरसॉनिक मिसाइल भी दागीं। रूस ने पिछले महीने कहा था कि अगर नाटो देशों के हथियारों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर होता है तो इसे तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत समझा जाएगा। यह बहुत खतरनाक है। विश्व बिरादरी को चाहिए कि दोनों देशों को एक मंच पर लाएं और किसी भी सूरत में युद्ध का अंत हो। अगर ये जंग ऐसे ही बढ़ती रही तो न केवल रूस, यूक्रेन बल्कि पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।

## विश्लेषण

योगेश कुमार गोयल



# कितने 'एग्जेक्ट' साबित होंगे एग्जिट पोल?

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के लिए अंतिम चरण के मतदान की प्रक्रिया के समापन के साथ ही तमाम टीवी चैनलों द्वारा विभिन्न सर्वे एजेंसियों के सहयोग से एग्जिट पोल का प्रसारण कर दिया गया। लगभग सभी एग्जिट पोल्स में जहां महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की जीत की संभावना जताई गई है, वहीं झारखंड में कांटे का मुकाबला दर्शाया गया है। महाराष्ट्र के लिए आए सभी एग्जिट पोल में से 6 में भाजपा गठबंधन यानी महायुति की सरकार जबकि 4 में कांग्रेस गठबंधन यानी महाविकास अघाड़ी को बहुमत का अनुमान है। इसी प्रकार झारखंड के लिए 4 में भाजपा गठबंधन और 2 में इंडिया ब्लॉक को बहुमत के आसार जताए गए हैं जबकि 2 एग्जिट पोल्स ने त्रिशंकु विधानसभा के आसार जताए हैं। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों में चाणक्य स्ट्रैटजीज के एग्जिट पोल में महायुति गठबंधन को 152 से 160 सीटें मिलने की उम्मीद जताई गई है जबकि महाविकास अघाड़ी को 130 से 138 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं, पी-एमएआरक्यू के एग्जिट पोल में महायुति को 137 से 157 सीटें जबकि महाविकास अघाड़ी को 126 से 146 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई है। न्यूज 18 मैट्रिज के एग्जिट पोल में महायुति गठबंधन को 150 से 170 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है जबकि महाविकास अघाड़ी को 110 से 130 सीटें मिलने का अनुमान है।

पोल ऑफ पोल्स में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन को 146 सीटें और कांग्रेस की अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी को 129 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है, अन्य के खाते में 13 सीटें जाने की उम्मीद जताई गई है। इसी प्रकार झारखंड की कुल 288 विधानसभा सीटों में बहुमत का आंकड़ा 41 है और यहां मैटराइज, चाणक्य, पीपुल्स पल्स तथा टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में राज्य में एनडीए की बहुमत वाली सरकार बनने का अनुमान व्यक्त किया है जबकि एक्सिस माय इंडिया और पी मार्क के एग्जिट पोल के मुताबिक राज्य में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बन सकती है। एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को 53 सीटें और एनडीए को 25 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। चूंकि अनेक अवसरों पर यह साबित हो चुका है कि अधिकांश एग्जिट पोल वास्तविक चुनावी नतीजों से मेल नहीं खाते और शायद यही कारण है कि लगभग सभी टीवी चैनल भी अब एग्जिट पोल का प्रसारण करते समय यह उल्लेख करते रहते हैं कि ये केवल एग्जिट पोल हैं, एग्जेक्ट पोल नहीं। अब यह तो 23 नवंबर को चुनाव परिणाम सामने आने के बाद स्पष्ट हो ही जाएगा कि इस बार के एग्जिट पोल सटीक साबित होते हैं या केवल हवा-हवाई। दरअसल पिछले कुछ चुनावों में कुछेक एग्जिट पोल के अनुमान भले ही काफी हद तक चुनाव परिणामों के करीब रहे हों लेकिन यह भी सच है कि कम से कम भारत में तो एग्जिट पोल का इतिहास ज्यादा सटीक नहीं रहा है। पिछले महीने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भी जितने एग्जिट पोल सामने आए थे, सभी बुरी तरह धराशायी हुए थे।

दरअसल सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन उसके बिल्कुल उलट भाजपा ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई थी। 4 जून को आए लोकसभा चुनाव नतीजों ने भी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को लेकर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाया था। तब भी अधिकांश एग्जिट पोल में भाजपा के 300 के करीब सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया था लेकिन भाजपा 240 सीटों पर ही सिमट गई थी। कई एग्जिट पोल्स ने तो एनडीए को 350 से 400 तक सीटें मिलने की भी भविष्यवाणी कर डाली थी लेकिन वास्तविक नतीजों में एनडीए 300 सीटों का आंकड़ा भी नहीं छू पाया था। वैसे तो एग्जिट पोल ओपिनियन पोल का ही हिस्सा होते हैं किन्तु ये मूल रूप से ओपिनियन पोल से अलग होते हैं। ओपिनियन पोल में मतदान करने और नहीं करने वाले सभी प्रकार के लोग शामिल हो सकते हैं। एग्जिट पोल में प्रायः मीडिया से आ रही खबरों, चुनाव का इतिहास और हवा के रूख का घालमेल भी शामिल रहता है। जब कोई मतदाता अपना मत देकर मतदान केन्द्र से बाहर निकलता है तो एग्जिट पोल कराने वाली एजेंसियां उससे उसका रूझान पूछ लेती हैं। ऐसे में यह पता लगा पाना आसान नहीं होता कि मतदाता ने अपना वोट किसे दिया है। बहरहाल, अब देखना यही है कि एग्जिट पोल आखिर कितने 'एग्जेक्ट' पोल साबित होते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विचार
राहुल भगत

# छत्तीसगढ़ में सुशासन की पहल - विकास और पारदर्शिता की दिशा में ठोस कदम

छत्तीसगढ़ की सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता के उद्देश्य से सभी क्षेत्रों में आईटी का व्यापक इस्तेमाल शुरू किया है। ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी प्रक्रियाओं में न केवल तेज़ी आई है, बल्कि कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। अब सरकारी विभागों में फाइलें लंबित नहीं रहतीं, और हर निर्णय की ऑनलाइन निगरानी होती है। मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों और अधिकारियों से मिलने आने वाले आंगतुकों की सुविधा के लिए स्वागतम पोर्टल शुरू किया गया है।

अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक संसाधनों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ आज सुशासन के एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने जनहित को केंद्र में रखते हुए ऐसे नीतिगत निर्णय लिए हैं, जिनसे सामाजिक-आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। सुशासन के सिद्धांतों को लागू करते हुए, छत्तीसगढ़ ने पारदर्शिता, भागीदारी और जवाबदेही के जरिए नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है।

छत्तीसगढ़ की सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता के उद्देश्य से सभी क्षेत्रों में आईटी का व्यापक इस्तेमाल शुरू किया है। ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी प्रक्रियाओं में न केवल तेज़ी आई है, बल्कि कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। अब सरकारी विभागों में फाइलें लंबित नहीं रहतीं, और हर निर्णय की ऑनलाइन निगरानी होती है। मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों और अधिकारियों से मिलने आने वाले आंगतुकों की सुविधा के लिए स्वागतम पोर्टल शुरू किया गया है। सीएमओ पोर्टल के माध्यम से सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों, जनहितैषी फैसलों और काम-काज की जानकारी आम लोगों को मिल रही है, इस पहल से सुशासन के साथ शासकीय कामकाज में भी दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।

प्रदेश सरकार ने सरकारी खरीद में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस का उपयोग सुनिश्चित किया है। जिससे खरीदी प्रक्रिया भ्रष्टाचारमुक्त और डिजिटल हुई है। बेहतर प्रशासन के साथ जनता तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक पृथक विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम 2.0' लागू किया है। इस प्रणाली के तहत सभी प्रकार की अनुमति, लाइसेंस और पंजीकरण प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है, ताकि निवेशक आसानी से और कम समय में अपनी प्रक्रियाएं पूरी कर सकें।

प्रदेश सरकार ने स्कूलों में 'न्योता भोजन' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के लिए समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है, जिससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिल सके।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छत्तीसगढ़ में कक्षा 8वीं तक बच्चों को मातृभाषा और स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने की शुरुआत हुई है, जिसमें छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी और भतरी जैसी भाषाएं शामिल हैं। कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया गया है। उच्च



शिक्षा में विद्यार्थियों को मासिक ट्रैवल्स अलाउंस दिया जाएगा और वार्षिक 6000 रुपए डीबीटी के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ पहला ऐसा प्रदेश है, जहां एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में शुरू की गई है, जिससे आदिवासी बहुल क्षेत्रों के छात्रों के लिए चिकित्सा की पढ़ाई आसान हो गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कर रही है। धान खरीदी को पारदर्शी बनाने के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र लगाए गए हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सुचारू और धोखाधड़ी रहित हो गई है। यही वजह है कि पिछले खरीफ़ वर्ष में 144 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गयी थी, इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन धान के उपार्जन की उम्मीद है। प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से हर महीने 1000-1000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

सुरक्षा के मोर्चे पर प्रदेश सरकार ने एंटी-नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। 11 महीने में अब तक सुरक्षा बलों ने 195 से अधिक नक्सली ढेर किये हैं, वहीं 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। छत्तीसगढ़ सरकार सुरक्षा के साथ शांति के मोर्चे पर भी कदम बढ़ा रही है। सुरक्षाबलों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न केवल शांति स्थापित की है, बल्कि वहां विकास के लिए अनुकूल माहौल भी तैयार किया है। माओवादी क्षेत्रों में 34 सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गए हैं। 30 नए कैम्प प्रस्तावित हैं। राज्य की सामाजिक न्याय योजनाओं के अंतर्गत नियाद नेल्लानार जैसी पहल शुरू की गई है, इसके तहत 96 गांवों में आवास, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं।

राष्ट्रीय इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) का गठन किया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ में आतंकवाद, नक्सलवाद, वामपंथी उग्रवादी जैसे विशेष मामलों, प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी जांच से कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। प्रदेश के बड़े हिस्से में फैला माओवाद का दायरा लगातार सिमट रहा है। प्रदेश सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ में माओवाद के खात्मे की रणनीति पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कई कार्यक्रम लागू किए हैं, जिनमें वनीकरण, स्वच्छता और जल प्रबंधन शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस समाप्त कर ब्रांडेड शराब की बिक्री में प्रतिबंध लगाया गया है। इस फैसले से शराब खरीदी में बिचौलियों का रोल पूरी तरह खत्म हो गया है। सरकार ने शराब की अवैध बिक्री रोकने और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए बोतलों पर नए होलोग्राम लगाने की पहल की है। इससे अवैध शराब की पहचान आसान होगी और राजस्व बढ़ेगा।

छत्तीसगढ़ की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। हाल ही में आईआईएम रायपुर में आयोजित सुशासन कार्यशाला में कैबिनेट मंत्रियों को प्रशिक्षित किया गया, जिससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार ने सुशासन के सभी पहलों के माध्यम से जनता के हित व राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया है।

*-सचिव, मुख्यमंत्री एवं सुशासन अभिसरण विभाग*


# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करो

हमारे देश में सबसे बड़ी और जानलेवा समस्या वायु प्रदूषण पर भी राजनीति होती है। माना कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का एक कारण पराली जलाना हो सकता है, लेकिन क्या पहले पराली नहीं जलाई जाती थी? पिछले कुछ वर्षों से ही पराली क्यों वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है? अब तो कुछ किसान पराली को शायद नहीं जलाते हैं। क्या वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बढ़ती जनसंख्या के कारण कंक्रीट के जंगलों की बढ़ोतरी नहीं? क्या दिन प्रतिदिन बढ़ती वाहनों की संख्या वायु प्रदूषण का कारण नहीं? सड़कों के निर्माण के लिए जो धड़ाधड़ वृक्षों पर कुल्हाड़ी चल रही है, क्या इससे पर्यावरण साफ-सुथरा रहेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि आधुनिक शहरी औद्योगिक सभ्यता में ही उसके विनाश के बीज निहित हैं। प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करने की जरूरत है। *- वीरेंद्र कश्यप, रायगढ़*

## ट्रेंड

### भारत-गुयाना मित्रता



मैं 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, सरकार और गुयाना के लोगों का आभारी हूं। यह सम्मान भारत के लोगों का है। आने वाले समय में भारत-गुयाना मित्रता और भी मजबूत हो।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ऐतिहासिक विजय !



भारत की बेटियों ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से पराजित कर इतिहास रच दिया है। बेटियों की इस उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। मैं सभी बेटियों को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### डबल इंजन की सरकार



जब अपने कार्यकर्ता पर बात आई तो भाजपा की मंत्री महोदया को ये पूछना पड़ गया कि 'ज़ीरो टालरेंस की बात करने वाली सरकार कहाँ है' इन्हें पूछना चाहिए था कि 'डबल इंजन की सरकार कहाँ है?'
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### एआई का इस्तेमाल



तकनीक एआई का स्वामित्व संभव नहीं है। हममें से सबसे प्रतिभाशाली लोग सीखेंगे कि इसका उपयोग कैसे करना है। मेरा अनुमान है कि युवा भारतीय इसे अपना लेंगे और 5 वर्षों में जीडीपी को एक ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ा देंगे
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# आइसलैंड के रेक्जानेस में साल में सातवीं बार फटा ज्वालामुखी

दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में रेक्जानेस प्रायद्वीप पर बुधवार देर शाम एक ज्वालामुखी फट गया और इससे भीषण लावा निकला। दिसंबर के बाद से इस ज्वालामुखी में यह सातवां विस्फोट है। भूकंपीय गतिविधि पर नज़र रखने वाले आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि बुधवार को रात 11:14 बजे विस्फोट हुआ जिससे लगभग तीन किमी (1.8 मील) लंबी दरार बन गई, लेकिन अनुमान है कि यह विस्फोट अगस्त में हुए पिछले विस्फोट से काफी छोटा है। इस घटना की निगरानी के लिए नागरिक सुरक्षा एजेंसी के साथ घटनास्थल पर उड़ान भरने वाले भूभौतिकी के प्रोफेसर मैग्नस टुमी गुआमुंडसन ने राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी को बताया 'यह पिछले विस्फोट और मई में हुए विस्फोट से थोड़ा छोटा है।' हालांकि विस्फोट से हवाई यात्रा को कोई खतरा नहीं है लेकिन अधिकारियों ने प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में गैस उत्सर्जन की चेतावनी दी है जिसमें पास का शहर ग्रिंडाविक भी शामिल है। आरयूवी के अनुसार नागरिक सुरक्षा एजेंसी की ओर से अलर्ट जारी किए जाने के बाद ब्लू लैगून रिजॉर्ट में मौजूद लोगों के साथ-साथ लगभग 50 घरों को खाली करा लिया गया।



## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# मणिपुर में तनाव जारी, सुरक्षाबलों की 8 और कंपनियां पहुंची इंफाल

**नई दिल्ली।** मणिपुर में लगातार बढ़ रही हिंसा के बीच केंद्र सरकार राज्य में लगातार अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात कर रही है। बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की आठ कंपनियां राज्य की राजधानी इंफाल पहुंची। इन बलों को संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। एक दिन पहले ही सीएपीएफ की 11 कंपनियों का एक और जत्था राज्य में पहुंचा था। एक अधिकारी ने बताया, 'सीआरपीएफ और बीएसएफ की चार-चार कंपनियां राज्य के संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी।' सीआरपीएफ की इन कंपनियों में से एक महिला बटालियन की है।

## 50 नई कंपनियां तैनात करने का फैसला

केंद्र ने हाल ही में घोषणा की थी कि मणिपुर में सीएपीएफ की 50 नई कंपनियां तैनात की जाएंगी। पिछले सप्ताह पहाड़ी जिले जिरीबाम में कांग्रेस और भाजपा के कार्यालयों में तोड़फोड़ किए जाने के कारण राज्य में हिंसा बढ़ गई है। ये घटनाएं तब हुईं जब भीड़ ने तीन भाजपा विधायकों (एक वरिष्ठ मंत्री) समेत एक कांग्रेस विधायक के घरों को आग के हवाले कर दिया। ये आवास इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में हैं, जहां अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है। सुरक्षा बलों ने शनिवार शाम को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर हमला करने के बड़ी संख्या में आए लोगों के प्रयास को भी विफल कर दिया।

सीआरपीएफ और बीएसएफ की चार-चार कंपनियों की होगी तैनाती



## इस घटना के बाद बढ़ गई हिंसा

11 नवंबर को सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी-जो उग्रवादियों के बीच गोलीबारी में 10 कुकी उग्रवादी मारे गए थे। इसके बाद जिरीबाम जिले में राहत शिविर से मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों के लापता होने के बाद हिंसा बढ़ गई थी. कुछ दिन पहले उन छह लोगों के शव बरामद किए गए थे। सुरक्षा कारणों की वजह से मणिपुर की इंफाल घाटी में स्कूल और कॉलेज 23 नवंबर तक बंद रहेंगे। बता दें कि जिरीबाम जिले में हिंसा के बाद राज्य में उत्पन्न ताजा तनाव के बीच घाटी के पांच जिलों- इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग में स्कूल और कॉलेज 16 नवंबर को बंद कर दिए गए थे। अब 23 नवंबर तक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व के स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। जारी आदेश के मुताबिक, सरकारी और निजी स्कूल और कॉलेज दोनों बंद रहेंगे।

# संभल की जामा मस्जिद का कोर्ट के आदेश पर हुआ 2 घंटे तक सर्वे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद को लेकर विवाद सामने आया है। हिंदू पक्ष ने मस्जिद के श्रीहरिहर मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले को लेकर हिंदू पक्ष कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने पूरे परिसर का सर्वे कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 29 नवंबर तक इसकी रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद मंगलवार देर शाम एडवोकेट कमीशन की टीम ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मस्जिद के अंदर सर्वे किया। पूरे परिसर की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की। इस दौरान स्थिति काफी तनावपूर्ण दिखाई दी। सर्वे की जानकारी होते ही मुस्लिम पक्ष में नाराजगी फैल गई।

- हिंदू पक्ष ने किया श्रीहरिहर मंदिर का दावा




IDBI BANK
CIN:L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय- भिलाई, पता- 19, प्रियदर्शिनी परिसर नेहरू नगर स्क्वेयर, भिलाई-490020

**मेगा ई-नीलामी**
दिनांक 24.12.2024
समय- प्रातः 11 से 2 बजे

**विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना**

जबकि, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने आई.डी.बी.आई बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002, नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित प्रवधानों के तहत् नीचे दर्शायी गई निम्नलिखित संपत्ति के बिक्री हेतु ई- नीलामी के लिये बोलीयां / प्रस्ताव आमंत्रित करता है। प्राधिकृत अधिकारी, आई.डी.बी.आई बैंक लिमिटेड द्वारा कब्जा ले लिया गया है। नोटिस आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओ), बंधककर्ता(ओ) एवं जमानतदार(ओ) को दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदार को बंधक / प्रभारित किया गया है, उल्लेख किए गए बकाये राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

| क्र. | उधारकर्ता का नाम एवं पता | बकाया राशि मांग सूचना के अनुसार | मांग सूचना तिथि / कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1) | उधारकर्ता -मेसर्स श्रुति इंटरप्राइजेज प्रोप:-आशीष कुमार जयसवाल, जमानतदार सह बंधककर्ता - श्री दिलराज पटेल एवं श्रीमती निशा जयसवाल, शाखा-कांकेर | रू. 70,84,940/- +ब्याज एवं अन्य शुल्क दिनांक 29/01/2024 से प्रभावी | 14.03.2024 / 02.09.2024 | रू. 32,37,000/- / रू. 3,25,000/- (संपत्ति क्रमांक 1 के लिए) |
| | **संपत्ति का विवरण:** संपत्ति क्र. 1) भूमि :- खसरा नंबर 394/16/ख (नया खसरा नंबर 394/35), बरदेभाटा वार्ड, पटवारी हल्का नंबर 24, कांकेर, छत्तीसगढ़ पर स्थित भूमि का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक़- श्री दिलराज पटेल. सीमाएँ:- पूर्व में: श्री खान की भूमि, पश्चिम में: राजपूतों की भूमि, दक्षिण में: सड़क, उत्तर में: श्री कुर्मी की भूमि, वर्तमान एवं भविष्य दोनों में इस पर साथ में सभी सरंचानएं और निर्माण दोनो शामिल है। **भौतिक कब्जा** | | | रू. 16,95,000/- / रू. 1,70,000/- (संपत्ति क्रमांक 2 के लिए) |
| | संपत्ति क्र. 2) भूमि :- खसरा नंबर 340/2/के/2 (नया खसरा नंबर 340/15), शांति नगर वार्ड, पटवारी हल्का नंबर 24, कांकेर छत्तीसगढ़ पर स्थित भूमि का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक़ -श्रीमती निशा जयसवाल। सीमाएँ:-पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: दुलार की भूमि, दक्षिण में: संतोषी की भूमि, उत्तर में: विक्रेता की शेष भूमि। **वर्तमान एवं भविष्य दोनों में इस पर साथ में सभी सरंचानएं और निर्माण दोनो शामिल हैं। भौतिक कब्ज़ा** | | | |

**बीड जमा करने की अंतिम तिथि-** 23.12.2024, शाम 4:00 बजे से पूर्व **वृद्धिशील बोली राशि** - 25,000/-

**संपति के निरक्षण की तिथि एवं समय** दिनांक 25.11.2024 से 23.12.2024, समय: दोप. 2 से शाम 4 बजे तक कार्य दिवस के अंतर्गत

संपर्क करें- कांकेर शाखा के लिए- श्री विजय कुमार सिंह (शाखा प्रबंधक)- 9826171850 एवं श्री संदीप कुमार साहू- 9340897634, प्राधिकृत अधिकारी- श्री शुभ्रांशु शेखर साहू- 9560523180. किसी भी अधिक जानकारी के लिए - राजीब जैन- 8087020189 एवं सत्यजीत बनर्जी- 8435005007 क्षेत्रीय कार्यालय, नेहरू नगर, भिलाई पर संपर्क करें।

**बोली दस्तावेज में प्रदर्शित होने वाले नियमो एवं शर्तो की सूचि 1.** सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री **"जहां है जैसे है के आधार पर", "जो है के आधार पर", "जो भी है के आधार पर" एवं "कोई पुनरावृत्ति नही"** के आधार पर है और सुरक्षित ऋणदाता यानि आईडीबीआई बैंक लि. की ओर से है, व्यक्तिगत संपत्ति के लिए भी बोली/ईएमडी स्वीकार किया जा सकता है। **2.** ऊपर उल्लिखित संपत्ति आरक्षित मूल्य से नीचे नही बेची जाएगी। **3.**अमानत राशि (ईएमडी), **खाता क्र. 04837000010771, आईएफसी कोड- IBKL0000048, आईडीबीआई लि., नेहरु नगर शाखा, भिलाई** के पक्ष में NEFT/RTGS या डीडी के द्वारा जमा करना होगा। **4.**अमानत राशि में ब्याज नहीं लगेगा, प्राधिकृत अधिकारी बोली खुलने की तिथि से तीन महिने के शीर्ष तक तीन बोलीदाताओं की अमानत राशि रख सकतें है। 5. प्राधिकृत अधिकारी शीर्ष तीन बोलीदाताओं के बीच अंतर-से बोली लगाने की अनुमति दे सकतें है। **6.** सफल बोलीकर्ता को बिक्री मुल्य घटाव जमा की गई ईएमडी राशि का 25% बिक्री की पुष्टि होने पर तत्काल या अगले कार्य दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य की बकाया राशि बिक्री की पुष्टि होने पर 15 दिनों के अंदर याएओ की सहमति द्वारा बढाए गए अवधि के अंदर भुगतान करना होगा।विहित अवधि के अंदर बकाया राशि का भुगतान न करने की दशा में जमा की गई राशिसमेत अग्रधन राशि जब्त कर ली जाएगी। **7.** बैंक को यह अधिकार है कि बिना कोई कारण बतायें किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार कर सकता है।यदि सभी बोलियां अस्वीकार कर दी जाती है, तो बैंक को अन्य साधन/निजी समझौता के माध्यम से परिसंपत्तियों को बेचने का अधिकार है। **8.** बोली दस्तावेज (बिड डॉक्यूमेंट) में उल्लेखित प्रतिभूत आस्तियां उधारकर्ताओं द्वारा प्रतिभूत ऋणदाता के पक्ष में बनाए गए भार / बंधक पर आधारित होते हैं, जिनके विवरण बोली दस्तावेज (बिड डॉक्यूमेंट) में दिए गए हैं। इच्छुक पार्टियों (बोलीकर्ताओं)से अनुरोध किया जाता है कि वे प्रतिभूत आस्तियों के विवरणको सत्यापित कर लें तथा प्राधिकृत अधिकारी (AO) के पास अनुरोध पर उपलब्ध बंधक संपत्ति से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षणकर लेवें **9.** लेनदार सुरक्षित परिसंपत्तियों में किसी भी गलतियां/विसंगति/कमी के लिए या किसी भी अनुमति आदि की खरीद के लिए एवं कानुन द्वारा स्थापित किसी भी प्रतिकरण के बकाया के लिए जिम्मेदारी नही लेता है। **10.** सुरक्षित संपत्ति केवल सुरक्षित लेनदारों को शुल्क एवं एनकंब्रेस से मुफ्त में बेचे जा रहे है। **11.** सफल बोलीदाता को संपत्ति के हस्तांतरण के लिए स्टांप ड्यूटी। पंजीकरण/व्यय / कर देनदारियों, सरकारी एवं अन्य वैधानिक बकाया जैसे सभीख! को वहन करना आवश्यक होगा। **12.** उक्त विक्रय पूर्णतयाविज्ञापन एवं बोली दस्तावेज (बिड डॉक्यूमेंट )में दिए गए नियमों तथा शर्तों के अधीन है। बोलीदस्तावेज़ हमारे किसी भीकार्यालय में सभी कार्य दिवसों में प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा आईडीबीआई की वेबसाइट **www.idbibank.in** एवं **https://www.bankauctions.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **13.** बिक्री ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाइट **www.bankeauctionwizard.com** में ई नीलामी सेवा सेवा प्रदाता **एंटेयर्स सिस्टम लिमिटेड, किसी भी अन्य जानकारी के लिए श्रीमती बी एम सुष्मिता, मो: 8951944383 / 9771141458, फोन: 080-40482100, ई-मेल: sushmitha.b@antaressystems.com / r.rakeshkumar@antaressystems.com पर संपर्क कर सकते है।**

**सरफ़ासी अधिनियम (SARFAESI ACT), 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिनों की सांविधिक विक्रय सूचना की सांविधिक विक्रय सूचना :**एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्तानुसार राशि का अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ भुगतान करे अन्यथा संपत्ति को नीलाम / विक्रय कर दिया जाएगा तथा शेष राशि (यदि कोई हो) ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान- कांकेर, दिनांक- 21.11.2024 प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

कैरीकॉम लीडर्स ने पीएम मोदी का जताया आभार

# ग्लोबल साउथ की आवाज बन कैरीबियाई देशों की समस्याओं को सामने लाया भारत



एजेंसी ▶▶ जॉर्जटाउन

कैरीकॉम के अध्यक्ष मिशेल ने कहा कि मैं कैरीकॉम के सभी नागरिकों की ओर से ग्लोबल साउथ के आदर्शों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में भारत की सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका के लिए पीएम मोदी और भारत सरकार और महान लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। कैरीबियाई समुदाय यानी कैरीकॉम के देशों के नेताओं ने ग्लोबल साउथ की आवाज बनने और कैरीबियाई देशों की चिंताओं को वैश्विक एजेंडे में लाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। बुधवार को दूसरे भारत-कैरीकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान इसके जवाब में पीएम मोदी ने उन्हें निरंतर मदद और सहयोग का आश्वासन दिया। भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन पांच साल बाद हो रहा है और इन पांच सालों में दुनिया ने कई बदलाव देखे हैं।

## ग्लोबल साउथ को आगे बढ़ाने में भारत सक्रिय

कैरीकॉम के अध्यक्ष और ग्रेनेडा के पीएम डिकॉन मिशेल ने कहा कि मैं कैरीकॉम के सभी नागरिकों की ओर से ग्लोबल साउथ के आदर्शों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में भारत की सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका के लिए पीएम मोदी और भारत सरकार और महान लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हम अपने क्षेत्र के सतत विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। मोदी की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रति उनके समर्पण ने एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित किया है।






## जैकेट के शेष

# छग में पहले नहीं आई ऐसी....

0 देश के उद्योगपति जो यहां उद्योग लगाना चाहते हैं उनकी दिलचस्पी दो चार चीजों में ही दिखती है, आपने सीमेंट प्लांट लगवा दिया, लोहे का धंधा भी लोगों को भाता है, क्योंकि आयरन ओर है। कौडियों की चीज निकली करोड़ो में कनवर्ट हो जाए। बॉक्साइट के संदर्भ में भी क्या इस औद्योगिक नीति के माध्यम से नए स्टील प्लांट, नए पावर हाउस स्टील प्लांट ही आने की उम्मीद है। क्या इससे अलग आपके पास है जिसके कारण लोग इससे प्रेरित हों। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में बार-बार ये बात आती है जो जमीन के अंदर गड़ा है, उसे ही निकाल कर समृद्ध होने की बात आती है। इस बार कुछ बदलाव की उम्मीद?

00 रॉ मटेरियल एक बहुत बड़ा स्ट्रेंथ होता है किसी भी उद्योग के लिए। हमारी जो नेचुरल स्ट्रेंथ है। वहां पर हम और किस तरह से डेवलप करें। हमारे आसपास के राज्य हमारे कॉम्पीटिटर है, उनके पास भी यही स्ट्रेंथ है। कोशिश किया गया है कि पॉलिसी उसे भी सपोर्ट करे। साथ साथ में हमारे राज्य में ऐसे बहुत से उद्योग है जैसे एग्रो प्रोसेसिंग में या टेक्सटाइल में एक दो लाइट हाउस की तरह इंडीपेंडेटली बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इससे हमें बल मिला कि उम्मीद और गुंजाइश तो है राज्य में। इसलिए दूसरे सेक्टर भी आएं। इसलिए कोशिश की गई है कि फार्मास्टिकल, टेक्सटाइल या रिक्रियेशन, जहां रोजगार ज्यादा सृजन होते हैं,उनके लिए स्पेशल पैकेजिंग की गई है, लोकेशन के हिसाब से बहुत मैटर करते हैं। छत्तीसगढ़ आठ राज्यों से लगा हुआ एक राज्य है, 51 करोड़ की आबादी हमारे राज्य से कहीं न कहीं आसपास से कनेक्ट करती है। इस सेंट्रलाइज लोकेशन के हम किस तरह से यूज कर सकते हैं, और उन चीजों पर जहां हम अपनी स्ट्रेंथ बढ़ा सकते हैं, जैसे कि टेक्सटाइल्स फार्मास्टिकल टेक्सटाइल्स जहां पे कुछ आर्गनाइजेशन पहले ही अच्छा कर रही हैं उनसे सीखकर हमने पॉलिसी का भाग बनाया है ताकि हम नए क्षेत्रों में भी आगे बढ़ सकें।

0 हम लैंडलॉक हैं, हमारा कोई पोर्ट नहीं है, जिसके माध्यम से एक्सपोर्ट के संबंध में हम बड़ी छलांग लगा सके। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए कोई समाधान खोजा है कि आपने, कि किस तरीके से एक्सपोर्ट के संदर्भ में छत्तीसगढ़ में निवेश करने वालों को कुछ सुविधा मिल सके।

00 इस पर मैं दो चीजे बताना चाहूंगा, ऑलरेडी नवा रायपुर में, जो इंटीग्रेटेड कांकोड टर्मिनल है, वहां पर कुछ समस्याएं थी कॉस्ट को लेकर विशाखापट्टनम या काकीनाडा के पोर्ट को लेकर उन समस्याओं को कांकोर के साथ मिलकर हमने हाल ही में कुछ-कुछ सुलझाने की कोशिश की है, साथ में पॉलिसी में हमने ये प्रावधान रखा है, हम समझ रहे थे, लैंडलॉक होने के कारण एक्सपोर्ट करने वाली संस्थाएं है उनके लिए ट्रांसपोर्टेशन कास्ट बढ़ जाता है, इसलिए 75 प्रतिशत ट्रांसपोर्टेशन कास्ट यूनिट से लेकर बंदरगाह तक, उसका प्रावधान अनुदान के रूप में पहली बार किया गया है।

**राघवेंद्र सिंघानिया, उद्योगपति**

0 देश की हसरत होती है कि हमारे यहां उत्पाद बने और बिके, राधवेंद्र जी छत्तीसगढ़ में ऐसा कर पाए हैं। नई पालिसी में ये चीज है या सरकार को इसमें कुछ करने की जरूरत है?

00 अभी इसमें कुछ करने की कोशिश की गई है, लेकिन वह काफी निम्न स्तर पर है। हमारे यहां स्किल मैन पावर की कमी है। इसके कारण भी काम नहीं हो पा रहे हैं, हम लोग यहां काम कर रहे हैं लेकिन हमे स्किल्ड मैन पावर गुजरात, राजस्थान से लाना पड़ता है। स्किल्ड मैन पावर के बारे में इन्होंने पॉलिसी में सोचा है, लेकिन वो इतना बड़ा नहीं है। पोर्ट एरिया में हम रेट कंसेशन दे रहे है वो भी एक अच्छी पहल । लेकिन वो काफी कम अमांउट में फिक्स किया गया है। 75 प्रतिशत बोल रहे हैं, लेकिन उसे 10 15 लाख में फिक्स कर दिया गया है लेकिन वो बैनीफिट हमारे काम का नहीं है। वो ऐसी बैनीफिट होनी चाहिए जो काम आए। आगे जाकर हमारे कांपीटिशन में मदद करे। मैं आशा करूंगा कि उस पर काम किया जाए। दूसरा रायपुर में 10-12 साल से आईसीडी कोर्स उपलब्ध है, लेकिन वे ज्यादा काम एक्सपोर्ट में ज्याजा यूज किया जा सकता है। रेल कनेक्टिवीटी नहीं है, कस्टम क्लीयरेंस नहीं है, इसके कारण हमें आईसीडी क्लीयरेंस नागपुर से करना पड़ता है। वो भी हमारे कास्ट को बढ़ाता है।

0 इसके संदर्भ में आपकी दृष्टि गई है रजत जी..

**रजत का जवाब**

00 जहां तक स्किल्ड मैन पावर का संबंध है ये दो प्रकार का है, एक हाई प्रेसेशन जो आपकी इंड्रस्टीज में यूज होते हैं, दूसरा मेजारिटी जो। पहले जॉब के लिए होते हैं। जो शुरुआत करते हैं, तो आइडिया ये है कि जो पॉलिसी की कोशिश ये है कम पहले जॉब जो ज्वाइन किया जाए। उसमें लोग अपने आप को रजिस्टर कर रहे हैं, इपीएफओं में, पहले जॉब की तलाश करते हैं। नए लोग जो आते हैं जॉब करने उन्हें ट्रेंड करने में एक दो महीने लग जाते हैं। पॉलिसी की कोशिश है कि लोगों को रोजगार मिले। अगर कोई किसी को रोजगार पर रखे तो पहले महीने का वेतन जो 15 हजार रुपए महीना आता है। इतना वेतन हम इंड्रस्टी को दे सकें। कोशिश ये है कि स्किल डेवलपमेंट हम कहीं बाहर करें, फिर इंड्रस्टीज को उपलब्ध कराएं उससे अच्छा है कि इंड्रस्टी को ही मदद करे।

0 इस पर बजरंग जी का नजरिया जानना चाहूंगा, आप तो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देते हैं। बाहर ट्रेंनिग को लोग सही नहीं मानते, ऐसे में यह सोच कितनी व्यावहारिक दिखती है।

**बजरंग का जवाब**

00 मैं रजत जी की सोच से सहमत हूं। मैंने इलेक्ट्रिकल व्हीकल की फैक्टरी लगाई। इसका तो एक भी मैनपावर यहां उपलब्ध नहीं था। पर अब मेरे यहां टोटल मैन पावर 120 के करीब है। शायद 10 ही लोग मुझे बाहर से लेने पड़े। बाकी लोग की ट्रेनिंग मैंने उनके ही द्वारा अपनी ही फैक्टरी में करवाई और वो अच्छे यहीं के माहौल में अच्छा काम कर रहे हैं,मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मुझे लगता है ये व्यावहारिक है और प्रदेश के हित में है।

0 रजत जी इसमें कोई कैपिंग की है आपने..

**रजत का जवाब**

00 कैपिंग की है हमने 5 लाख की है। छह साल तक वे इसका लाभ ले सकते हैं। एक साल में ही आप 35 लोगों को रख सकते हैं जो नए मैन पावर होंगे। आइडिया ये है कि सभी उद्योगपतियों को ये दे सकें ये संभव नहीं है। हम बंदरगाह तक 75 प्रतिशत ट्रांसपोर्ट सब्सिडी दे रहे हैं। एक्सपोर्ट करने वालों को इसका लाभ मिलेगा। कांकोर, शिपिंग में रेट कम किए गए हैं।

**अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ के अध्यक्ष**

0 कितनी उम्मीद जागी है पॉलिसी, या कहेंगे कि पॉलिसी तो हर बार ही आती है। लेकिन कुल मिलाकर बाबू से फाइल बड़ी मुश्किल से सरकती है।

00 इस बार पॉजिटिवनेस तो दिख रहा है, और सबसे इंपोर्टेंट है, इसमें जो बॉटल नेक है, इसमे उद्योगपतियों को ड्राइव करे, सबसे बड़ा बॉटल नेक इसमें ये आएगा। सरकार का काम होता है एक पॉजिटिव माहौल देना। एक पॉजिटिव पॉलिसी बनाना और एक हम जरूरी नहीं है कि पूरा पैसा दे देंगे। आज 24 घंटे बिजली मिल रही है, आपको लेकर का अनरेस्ट है, आपको सरकार आपके साथ खड़ी है आप इम्पलायमेंट जनरेट कर रहे हैं। तो वो एक पॉजिटिव वातावरण की खुशबू आ रही है। अगर इसको हम प्रापरली ड्राइव करते हैं तो छोटे उद्योग है, बोल रहे थे, हजार एकड़ जमीन चाहिए 500 एकड़ जमीन चाहिए , अभी छत्तीसगढ़ 24 साल का होने के बाद हमको वैल्युएडीशन में जाना है क्योंकि एक लेबल के बाद जमीन खत्म हो जाती है, हम कभी सोच नहीं सकते थे, कि रायपुर में जमीन खत्म हो जाएगी। फ्लैट बिकेंगे। अब फ्लैट बिक रहे हैं। कम एरिया में ज्यादा वैल्युएडीशन पर सरकार का फोकस होना चाहिए। यहा एग्रीकल्चर फारेस्ट प्रोडक्ट साउंड है। फुड प्रोसेसिंग को अगर आप डेप्थ में जाकर देखते हैं तो यह फसल चक्र को यह चेंज करेगा। केवल धान ही धान उगाने से हम जमीन को भी खराब कर रहे हैं। जमीन का दोहन ही कर रहे हैं, अगर फुड प्रोसेसिंग के यूनिट कैसे आएंगे। अगर साल में एक बार आप पढ़ेंगे कि अंबिकापुर में टमाटर फेंक दे रहे हैं। अब हम ये पॉलिसी लाते हैं कि कौन की कैचअप कंपनी को अंबिकापुर में लेकर आते हैं, ताकि लोग धान उगाने की जगह टमाटर लगाएं। पॉलिसी एक फ्रेमवर्क हो गई, हमें भी चलना है सरकार को भी चलना है। इसमें एक पॉजिटिव वातावरण हो गया। अब फॉरेस्ट प्रोड्क्ट, हम एक हाइएस्ट फारेस्ट प्रोड्यूजर है। फारेस्ट, एग्रीकल्चर, हार्टीकल्चर जो हाई रेवेन्यु दे रहे है। उनके लिए हमें कार्गो हब की जरुरत है।

0 एक तो होती है नीति दूसरी नीयत, नीयत के स्तर पर क्या लगता है, नीति में ट्रांसपरेंसी लगती है आपको, बाबू के चक्कर से निकलकर सिस्टम हमारे सपोर्ट में होगा ऐसा दिखता है। या ये कमी है।

**पारवानी का जवाब**

00 नीति में एक पॉजिटिव स्टेप लिए है जो सिंगल विंडो की बात हो रही है। नीयत और सोच में कहीं कोई डिफरेंस नहीं है। किसी भी देश की जो रीड की हड्डी होती है वह एमएसएमई होती है। पिछले कुछ साल में हमने अपनी माइक्रों इंड्रस्टीज को लूज कर दिया है।

**रजत से सवाल**

0 सिंगल विंडो कब खुलेगी?

00 पॉलिसी लांच के समय बता दिया गया था। 17 डिपार्मेंट में रिफार्म चिन्हित किए गए हैं। उद्योग विभाग से शुरुआत करूंगा,एक फाइल जो पांच जगह से गुजरती है उसे कम करके शुरू में तीन लेवल पर लाए। सब्सिडी 43 दिनों में डिसबर्स होती है, उसे 30 दिन या सात दिन में लेकर आएं। लेवल कम करना है, सब्सिडी के दिन कम, हार्डकापी खत्म कर रहे है,उन्ही पर हम काम कर रहे हैं। जब कास्ट आफ टैजेक्शन कम नहीं होंगे उद्योगपतियों को सुविधा नहीं मिलेगी।

0 नीति का लक्ष्य क्या है, पांच साल में कितना निवेश कितना रोजगार सृजन होगा

00 सब्सिडी का अमांउट बढ़ा है, ढाई हजार करोड़ तक देंगे। 1 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट और पांच लाख रोजगार का लक्ष्य है। कोशिश ये रहेगी कि इसे पूरा कर सकेंगे। और यह नीति छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने के सपने को पूरा करेगी।

# बजरंग अग्रवाल, उद्योगपति...

इसके अलावा ये देखने में आया मुझे, इन्होंने प्रावधान बहुत अच्छा किया है। या तो आप जीएसटी का रिमेंबर्समेंट ले लीजिए या कैपिटल सब्सिडी ले लीजिए। ऐसा कभी देखने में किसी पॉलिसी में नहीं आया आज तक। क्योंकि स्टेट जीएसटी का रिमेंबर्समेंट उन्हीं ग्रुप में हो सकता है, छत्तीसगढ़ में जिनका व्यापार हो। यदि वो बना के बाहर चला जाए तो उसे बहुत ज्यादा फायदा नहीं होता है। ऐसे में उद्यमी को ये आप्शन है कि वह कैपिटस सब्सिडी के रूप में ले ले और जीएसटी छोड़ दे, ये प्रावधान पहली बार हुआ है। पहली बार ये प्रावधान हुआ है कि जो नक्सलाइट एरिया से प्रभावित लोग थे, जिन्होंने नक्सलवाद छोड़ा और मुख्यधारा में आ गए। उनके लिए भी पहली बार विशेष प्रावधान किया गया है। मैं ये भी कह सकता है कि जैसे थ्रस्ट सेक्टर के बारे में जो परिभाषा थी वह बहुत क्लीयर नहीं थी, इस बार ये परिभाषा बहुत ही क्लीयर है परिभाषा। यहां तक की ग्रीन हाईड्रोजन को भी इन्होंने ले लिया है जो पूरे विश्व का फ्यूचर होने वाला है। छत्तीसगढ़ पावर का बहुत बड़ा हब है। यदि पावर के साथ उसे जोड़ दिया जाए तो ग्रीन हाईड्रोजन के लिए काफी बड़ा हब छत्तीसगढ़ बन सकता है।

0 स्टील में जो अंधी दौड़ मची रहती है.. हर कोई सोचता है पावर का प्लांट लगा लूं या स्टील का प्लांट लगा लूं। बाद में पावर से तौबा कर गए लोग लेकिन स्टील के संदर्भ में अभी भी रुझान बना हुआ है। पर स्टील क्षेत्र में जो बड़े नाम हैं बजरंग अग्रवाल उन्होंने स्टील छोड़ दूसरे क्षेत्र में हाथ अजमाने की सोची। ई बाइक पर भी आए। इस पॉलिसी में इस संदर्भ में कोई गुंजाइश दिखाई देती है। सरकार इसमें मदद करेगी या आपको अपने हाल पर छोड़ देगी।

00 निश्चित रूप से सरकार चाहती है इस प्रकार के उद्योग यहां आए। इलेक्ट्रिक व्हीकल एक नया क्षेत्र है और काफी इसमें काफी गुंजाइश है देश ही नहीं दुनिया के अंदर में। तो मैंने प्रयास किया है एक नए क्षेत्र में उतरने के लिए। हालांकि ब्रैंडिंग का सवाल आता है, कांपीटिशन बहुत ज्यादा है। टीवीएस है, बजाज है, महिंद्रा है, लेकिन ठीक है। समय के साथ दो चार साल में, लेकिन मैं श्योर हूं कि इलेक्ट्रिकल व्हीकल का जो सेटअप मैंने तैयार किया है। उसमें पैन इंडिया बेसिस पर मेरी पहचान बनेगी। प्लांट अभी भी लग रहे हैं, लोग मुझे पूछने आते हैं मैं कहता हूं लोहे के बजाय कुछ और करो। स्पांज आयरन काफी हो गया है क्या है इसकी जरूरत। एक शख्स ने मुझे जवाब दिया यदि मुझे उद्योगपति कहलाना है तो मुझे लोहे का प्लांट डालना ही होगा। बिना लोहे उसके नाम के आगे उद्योगपति लगता ही नहीं है, ये भी एक मानसिकता है ये पर। परंतु अभी जो पॉलिसी आई है उसके माध्यम से मैं सोचता हूं, नए उद्योग यहां निश्चित रूप से आएंगे।

0 ऐसा कोई बिंदु है जो आप उद्योग सचिव रजत जी से जानना चाहें

0 एक बिंदु तो है, जो छत्तीसगढ़ के साथ जुड़ा है वो हमेशा से है, लैंड की बात... 45 परसेंट को फॉरेस्ट है यहां पर रिहायशी इलाका 20 परसेंट चला जाएगा उसमें। लैंड मिलना बहुत मुश्किल है यदि, 20-40 एकड़ जमीन लेना हो तो आप उसे इकठ्टा कर सकते हो गांव वालों के साथ में, पर 100 एकड़ से उपर लैंड लेनी है तो मुश्किल होती है। लैंड बैंक की आवश्यकता है, सीएसआईडीसी के माध्यम से उनको सशक्त किया जाए और उनके द्वारा ही लैंड बैंक तैयार किया जाए। अभी लैंड बैंक है, सीएसआईडीसी के पास, राजनांदगांव में है 200 एकड़ चांपा के पास 350 एकड़, कहीं हजार एकड़, अंबिकापुर में है, लेकिन मुझे नहीं लगता है कि अंबिकापुर में उद्योग की बहुत ज्यादा संभावनाएं है। जैसे आंध्र प्रदेश में सरप्राइजिंग है, 32 हजार एकड़ लैंड बैंक सरकार के पास में है। नेट पर डिलेट है, कौन से गांव में जमीन चाहिए उसके लिए आवेदन लगाए और आपको महीने दो महीने में जमीन का आवंटन हो जाएगा। इसी प्रकार की सुविधा छत्तीसगढ़ में हो जाए तो यहां का औद्योगिक विकास में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी। आज की स्थिति में सिलतरा, उरला में कोई जमीन नहीं है। भिलाई, बिलासपुर में जमीन नहीं है। यदि किसी को छोटे उद्योग के लिए 2-3 एकड़ जमीन चाहिए तो वहां वह उद्योग नहीं लगा सकता क्योंकि वहां वो अकेला पड़ जाएगा। उसे उद्योगों के समूहों के बीच में जगह चाहिए। जब तक नए इंड्रस्टियल स्टेट नहीं आएंगे। प्लानिंग भी की है इन्होंने, लेकिन मुझे लगता है कि तेजी के साथ में। लेकिन मुझे लगता है मुख्य रूप से उद्योग का वातावरण बिलासपुर से लेकर राजनांदगांव तक है। क्योंकि यहां एनएच भी है रेल ट्रेक भी है। मुझे लगता है इस एरिया में हजार 12 सौ एकड़ का लैंड बैंक बनाना चाहिए। रायपुर,भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव में औद्योगिक पार्क की आवश्यकता है जो इन्हें लाना ही पड़ेगा।

0 रजत जी, हमने देखा है जो लोग उद्योग लगाने इधर उधर जिलों में गए हैं उन्हें विरोध से जूझना पड़ता है, अभी बेमेतरा में स्टील, एथानॉल प्लाट लग रहे हैं वहां विरोध की आवाजे आती हैं, ग्रामवासी विरोध कर रहे हैं, ये विरोध कर रहे है, वो विरोध कर रहे हैं। इसके निपटारे के संबंध में कुछ जहन में रहा।

**रजत का जवाब**

00 इसमें दो तीन चीजे हैं, हमार 43 प्रतिशत फॉरस्ट एरिया होने के कारण लैंड की उपलब्धता कम रहती है, लेकिन उसी चीज में पूर्व में लैंड के जो पार्क बने हैं उसमें वर्तमान में हमारी कोशिश रही है कि लेकिन मेन पाइंट में कम से कम एक हजार एकड़ जमीन रहे। हर जिले में नेशनल हाइवे रेल ट्रेक के आसपास, अभी हम चार इंड्रस्टियल पार्क पर काम कर रहे हैं जहां कि जमीन सीएसआईडीसी के पास आ चुकी है चाहे वह राजनांदगांव, जांजगीर महासमुंद या रायपुर हो। नया रायपुर में भी हमने एक फार्मास्युटिकल पार्क के लिए जमीन ले ली है। लैंड बैंक पर हम निरंतर काम कर रहे हैं, साथ साथ पॉलिसी का उद्देश्य है समावेशी विकास। आज ये बात जरूर है कि बस्तर,सरगुजा में जहां जमीन है वहां इंड्रस्टियालाइजेशन नहीं हो रहा है। लेकिन उसी को बढ़ावा देने के लिए बस्तर और सरगुजा में इंड्रस्टियालाइजेशन हो इसके लिए विशेष अनुदान रखे हैं। ताकि उन क्षेत्र में बढ़ावा हो। ऐसा न हो कि केवल एक ही तरफ सीमित होकर रह जाएं। शासन की कोशिश है कि विकास समावेशी हो। साथ-साथ इंड्रस्टियालाइजेशन के लिए जमीन लेने में परेशानी होती है उसे खत्म करने के लिए 1 दिसंबर से जितने भी हमारे लैंड बैंक होंगे,जीआईएस मैप के साथ उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ में कही कही उद्योग को लेकर विरोध सामने आता है, लेकिन यहां औद्योगिकीकरण का इतिहास बहुत अच्छा है।

**रजत से सवाल**

0 आपने नए रायपुर का जिक्र किया है कि यहां फार्मास्युटिकल पार्क बना रहे हैं, नए रायपुर में आईटी पार्क की भी बात होती थी, अब उसकी क्या स्थिति है। इंदौर में आईटी पार्क विकसित होता दिखता है, लेकिन नया रायपुर में उतना नहीं दिखता है।

00 आईटी के लिए बहुत बड़ी जरुरत होती है ट्रेंडमैन पावर की। छत्तीसगढ़ में अभी इंजीनियरिंग कॉलेज जरुर है, लेकिन आईटी कंपनी जब आती है तो उनकी कास्ट ऑफ मैनपावर देखती है। आईटी सेक्टर में केवल सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ही नहीं, डाटा सेंटर भी है। हमारा क्षेत्र पूरी तरह भूकंप, तूफान से दूर है यह रिकवरी डाटा सेंटर के लिए बहुत अच्छी जगह है, नया रायपुर में न केवल टावर पर काम हो रहा, जहां बीपीओ, एपीओ है, हाई जॉब क्रिएटिंग कंपनी भी वहां आने की कोशिश कर रहे हैं। नवा रायपुर में 52 एकड़ में आईटी डेवलमेंट पार्क बना सके, जहां डेटा सेंटर को भी बढ़ावा मिले। केवल साफ्टवेयर डेवलपमेट पर हमारा फोकस नहीं है। क्योंकि उसके लिए एक बड़े इकोसिस्टम की जरूरत है। परंतु आईटी आईटीएस में बहुत सी चीजें हैं जिस पर हम फोकस कर सकते हैं।

# इंजीनियरिंग असिस्टेंट, ...

वर्क आर्डर जारी नहीं होने पर संजय कुमार सिंह इंजीनियरिंग असिस्टेंट (ओवर-सीयर) जीएम कार्यालय (एसईसीएल) चिरमिरी से मुलाकात करने पर उसके द्वारा 11,000 रुपए की रिश्वत की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था, बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन दौरान आरोपी संजय कुमार सिंह द्वारा 7,000 रुपए स्वयं को देने तथा 4,000 रुपए व्ही. श्रीनिवास, कार्यालय अधीक्षक को देन की बात कही गई।

## पेज एक के शेष

# फोर्स के बाद अब खूंखार नक्सली...

का पैतृक गांव है। पूवर्ती गांव टॉप नक्सलियों का बना था पनाहगार, हिड़मा ने यहां कायम किया खौफ का साम्राज्य। सुकमा और बीजापुर जिले के सीमा पर स्थित वीरान पूवर्ती गांव में अब फोर्स के पहुंचने से दहशत धीरे-धीरे घटने लगी है, वहीं नक्सलगढ़ के इस गांव के आसपास सड़क बनने से विकास के अन्य सभी तरह के कार्य होने लगे हैं, जो यहां के लोगों के लिए आजादी के इतने साल बाद भी वंचित थे। केंद्र और राज्य सरकारों के लिए आतंक का पर्याय बने हिड़मा के गांव तक 189 किलोमीटर सड़क बनाने का प्लान सीमा सड़क संगठन ने तैयार किया है। यह पहल गृह मंत्री अमित शाह के उस ऐलान के बाद और ज्यादा तेज हुई है, जब उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की है।

**फोर्स ने बढ़ाया दबदबा :** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्स ने अपनी दखलांदाजी बढ़ाई है। पुलिस ने उन क्षेत्रों में कैंप स्थापित किए हैं, जहां जाना पहले कभी मुमकिन ना था, घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गांव सिलगेर में भी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। बीजापुर जिले से 70 किलोमीटर और आवापल्ली, सिलगेर में लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क का निर्माणधीन दिसंबर माह तक पूर्ण हो जाएगा। इस क्षेत्र में नक्सली की दखलंदाजी के कारण जनता को बुनियादी सुविधाओं को मोहताज होना पड़ रहा था, लेकिन अब इस गांव की दशा और दिशा बदलने लगी है।

**सड़क बनने से होगी राहत :** ग्राम सिलगेर के बुधराम, सोमू सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक सड़क बनने से लोग आसानी से ब्लॉक, जिला मुख्यालय जाना-आना हो सकेगा। साथ ही बीमार होने से एम्बुलेंस भी गांव तक पहुंच सकेगी। क्योंकि सड़क नहीं होने से मरीज को खाट एवं कावड़ से स्वास्थ्य केन्द्र लेना पड़ता है।

**दिसंबर तक सड़क पूरा करें :** लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे एवं अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिया कि फोर्स के सहयोग से सिलगेर गांव तक निर्माणाधीन दिसंबर माह तक पूरा करें। जिससे ग्रामीणों को आसानी से ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय जाना हो सके।

# बॉर्डर रोड आर्गनाइजेशन ने...

से सड़क निर्माण कार्य की योजना बनी है। इसमें बीआरओ पूवर्ती जाने के लिए लगभग 189 किमी सड़क बनाएगा। जिसमें से एलमागुड़ा-दुलेड़, मेटागुंडू, इरापल्ली, गड़ेम-पल्ली, गुड़ा, मीनागुड़म, गमगुड़ा-भीमापुरम, रायगुड़ा, पुरम से पूवर्ती तक 51 किमी, कोंडापल्ली-जिदपल्ली-पामेड़ तक 26 किमी, उसूर-गलगम नब्बी-पुजारीकांकेर, एलमा तक 70 किमी, सिलगेर-पूवर्ती-कोंडापल्ली तक 24 किमी एवं तर्रेम-चिन्नाबेलूर तक 17 कमी सड़क बनेगी। इस तरह से चारों ओर से हिड़मा के गांव तक सड़क बनेगी, जहां लोगों का जाना-आना आसान हो जाएगा। नक्सल प्रभावित जिलों में फोर्स के कारण अब विकास की बयार बहने लगी है। सिलेगर क्षेत्र में नक्सलियों के गढ़ में सड़क निर्माण हुआ है, जिसके बाद अब उन जगहों में भी शासन की योजनाएं पहुंच रही है, जहां पहले जाने के बारे में सोचना भी मन में डर पैदा करता था।

# सिलेगर ...

से विकसित हो रहा है। बीजापुर जिले के सीमावर्ती जिला सुकमा जिले का सिलेगर पिछले चार साल से सुर्खियों में है।

# रिश्वत ...

फिलहाल उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। हालांकि समूह की अक्षय ऊर्जा शाखा अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुरुवार को 60 करोड़ डॉलर का बॉण्ड जारी करने से इंकार कर दिया। इस निर्गम को तीन गुना अभिदान मिला था लेकिन आरोपों के बाद इसे रद्द कर दिया गया। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने शेयर एक्सचेंज को दी सूचना में बताया, अमेरिका के न्याय विभाग तथा प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने हमारे निदेशक मंडल के सदस्यों गौतम अदाणी और सागर अदाणी के खिलाफ क्रमशः न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले में अमेरिकी जिला अदालत ने एक आपराधिक अभियोग जारी किया है और एक दीवानी शिकायत दर्ज की है। कंपनी की सूचना के अनुसार, अमेरिकी न्याय विभाग ने हमारे निदेशक मंडल के सदस्य विनीत जैन के खिलाफ भी इस तरह का आपराधिक अभियोग जारी किया है।

# 300 अधिकारियों ...

से मारपीट और बदसलूकी के मामले को लेकर प्रदेश भर में चर्चा हो रही है। इस मामले में गुरूवार को रायपुर और बिलासपुर सहित सभी जिलों से तहसीलदार बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने खेल परिसर में बैठक की और कलेक्टर अवनीश शरण से मुलाकात की। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के तत्वावधान में अधिकारियों ने अपर कलेक्टर रैंक के मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच की मांग की। इसके साथ ही 300 से अधिक अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय से लेकर आईजी कार्यालय तक रैली निकाली और आईजी संजीव शुक्ला से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने कलेक्टर और आईजी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात कही है।

# सीएम साय ने मंत्रियों...

लिए पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, विधायक पुरंदर मिश्रा, योगेश्वर राजू सिन्हा, धरमलाल कौशिक, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पूनम चंद्राकर, डॉ विमल चोपड़ा सहित कई भाजपा नेता और प्रदेश के साथ जिला संगठन के भी पदाधिकारी फिल्म देखने पहुंचे। सभी ने एक साथ फिल्म देखी।

# 70 प्लस को पांच ...

हेल्थ सेंटरों में ऑपरेटर आईडी नहीं होने पर बेनिफिशरी आईडी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसी बीच सत्तर साल के वृद्धजनों के लिए पांच लाख रुपए के अतिरिक्त हेल्थ कव्हर के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रायपुर जिले में इस अभियान की शुरुआत करने के लिए आचार संहिता समाप्त होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर साथ ही चलने-फिरने में असमर्थ लोगों के घर तक जाकर उन्हें इस कार्ड की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। यह कार्ड सिर्फ सीनियर सिटीजन के लिए होगा और वे इस अपने परिवार के किसी भी सदस्य के साथ साझा नहीं कर पाएंगे। इस दायरे में वे लोग भी आएंगे जिनका पहले से आयुष्मान कार्ड बना है।

**कितनी संख्या इस पर मंथन :** जानकारी के अनुसार प्रदेश में सत्तर साल से अधिक आयु वालों की संख्या कितनी है इस आंकड़े को एकत्रित करने की तैयारी चल रही है। स्वास्थ्य विभाग जैसे ही अपनी तैयारी पूरी कर लेगा वृद्धजनों का अलग से कार्ड बनाने के लिए अभियान प्रारंभ किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों के कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाने बड़ी रणनीति भी तैयार की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
www.nagarnigamdhamtari.com,Email ID - commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax 07722-241599

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक /कार्य अभि / जल प्रदाय शाखा / निविदा / 2024/3047 धमतरी, दिनांक 20/11/2024

01. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 11/12/2024 कार्यालयीन अवधि तक
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 13/12/2024 कार्यालयीन अवधि तक
03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 19/12/2024 कार्यालयीन अवधि तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 20/12/2024 सायं 04 बजे

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए क्लोरिन गैस टोनर प्रदाय कार्य सम्पादन हेतु छ.ग. के लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा फार्म "A/B/C" में त्रि-लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | जल शुद्धिकरण संयंत्र के लिए क्लोरिन गैस टोनर प्रदाय कार्य। | 4.00 लाख | 10000.00 | 750.00 | कार्यादेशानुसार |
| 02 | विद्युत संबंधी मेंटनेश कार्य हेतु एल.ई.डी. ड्राईवर, लेंस सामाग्री प्रदाय कार्य (द्वितीय निविदा) | 06.00 लाख | 6000.00 | 750.00 | कार्यादेशानुसार |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में जल प्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है, एवं विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.com तथा www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, महासमुंद (छ.ग.)**

क्र. 870 / क / वाचक / 2024 **उपस्थिति हेतु सूचना** महासमुंद, दिनांक 10/10/2024

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 74 (क) की उपधारा (3) के तहत महासमुंद जिला के नीचे लिखे प्रकरणों में जप्तशुदा शराब एवं वाहन को राजसात करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरणों में अनावेदकगण एवं वाहनस्वामी को अपना पक्ष रखने हेतु कई बार समंस तामीली के लिए भेजा गया, किन्तु उन्हें तामील नहीं हो पा रहा है। अतः नीचे लिखे प्रकरणों के अनावेदक एवं वाहनस्वामी को सूचित किया जाता है कि वे प्रकरणों की पेशी दिनांक को न्यायालय कलेक्टर, महासमुंद में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत दिनांक को अनुपस्थित रहने की स्थिति उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है।

| क्र. | न्यायालय कलेक्टर का प्रक. क्रमांक | थाना का नाम एवं अपराध क्रमांक | जप्तशुदा वाहन क्रमांक | अना. / वाहनस्वामी का नाम | ग्राम का नाम /थाना का नाम | प्र. में उपस्थित हेतु पेशी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 70/2024 | सांकरा एवं अ. क्र. 42/2024 | CG/06/GM/2910 | तेजराम बर्तन पिता आत्मा राम बर्मन | ग्राम मतकुंदा थाना सांकरा, जिला महासमुंद | 28/11/2024 |
| 02 | 68/2024 | महासमुंद एवं अ.क्र. 171/2024 | CG/06/GA/9112 | (1) मदनलाह भोई पिता स्व भंगी लाल भोई (2) भोजराम भोई पिता मदन लाल भोई | ग्राम महासमुंद रेल्वे लाईन महासमुंद; ग्राम वार्ड नं.02 - इर्मलीभाठा महासमुंद | 28/11/2024 |
| 03 | 65/2024 | महासमुंद एवं अ.क्र. 106/2024 | CG/06/PA/1150 | 1. यशवंत साहू पिता आनंद साहू | ग्राम चिरको थाना पटेवा जिला महासमुंद | 28/11/2024 |
| | --- | --- | --- | 2. भूषण लाल डडसेना पिता स्व. अनुप राम डडसेना | ग्राम डीपोपारा तेन्दुकोना थाना तेन्दुकोना | |
| 04 | 62/2024 | तुमगांव एवं अ. क्र 62 / 2020 | CG/06/GP/6057 | जगदेव चौधरी पिता स्व. पुरूषोत्तम चौधरी | वार्ड नं. 01 डीपरापारा जलकी चौकी सिरपुर, | 28/11/2024 |
| 05 | 44/2024 | महासमुंद एवं अ.क्र.26 / 2024 | CG/04/NT/1732 | पुनित दास मानिकपुरी / सरजू दास मानिकपुरी | वार्ड नं. 02 बुडेरा, पोस्ट आ. खरोरा जिला रायपुर | 28/11/2024 |
| | --- | --- | --- | रोहन दास मानिकपुरी पिता कबीरदास मानिकपुरी | सा. खरोरा थाना महासमुद | 28/11/2024 |
| 06 | 56/2024 | तुमगांव एवं अ क्र. 27/2024 | CG/04/K/4277 | डेमा राम साहू पिता गोपाल साहू | सा. लखनपुर थाना पटेवा, जिला महासमुंद | 28/11/2024 |
| 07 | 59/2024 | पटेवा एवं अ. क्र. 057/2024 | CG/04/DF/7880 | अमित कुमार तिवारी पिता सूर्यवाही तिवारी | ग्राम प्रेमनगर गोंदवारा रोड़ गुढ़ियारी रायपुर | 28/11/2024 |
| | --- | --- | --- | कमलेश सिन्हा पिता खिलावन सिन्हा, | वार्ड नं. 06 रायतुम थाना पटेवा, जिला महासमुंद | 28/11/2024 |
| | --- | --- | --- | नंद लाल सतनामी पिता बिसाहू | ग्राम बेहराडीह थाना खरियार रोड़ जिला नुआपाड़ा उड़ीसा | 28/11/2024 |
| 08 | 58/2024 | बागबाहरा एवं अ.क्र. 90/2024 | CG/06/GZ/0237 | सतवीर सिंह दुआ पिता इंदर सिंह दुआ | ग्राम पेट्रोल पम्प के पीछे बिंधनपारा वार्ड नं. 08 बागबाहरा | 28/11/2024 |
| 09 | 61/2024 | सिंघोड़ा एवं अ. क्र. 25/2024 | CG/04/CZ/1936 | मुन्ना लाल साहू पिता सुकलाल साहू | ग्राम सुकाली बरेली कसडोल जिला बलौदाबाजार | 28/11/2024 |
| 10 | 60/2024 | महासमुद / अ. क्र. 159/2024 | CG/06/L/0393 | अविनाश गौरे पिता स्व प्रमोद गौरे. | ग्राम वार्ड नं. 06 अम्बेडकर वार्ड महासमुंद | 28/11/2024 |
| | | | | सोनू उर्फ निलेश यादव पिता भागवत यादव | ग्राम वार्ड नं. 06 अम्बेडकर वार्ड महासमुंद | 28/11/2024 |
| | | | | सोनू जगत पिता कन्हैया. जगत | ग्राम वार्ड नं. 11 चोरभट्ठी रोड़ महासमुंद | 28/11/2024 |
| 11 | 63/2024 | महासमुंद / अप.क्र. 14/2024 | CG/04/LJ/8732 | चंदन कुमार गुप्ता पिता विनोद प्रसाद गुप्ता | सी/ओ- सुरूचंद पिता सतनामी दिल्ली पोर्ट के पीछे तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर | 28/11/2024 |
| | | | | हिमांशु साहू पिता राजेश साहू | वार्ड नंबर 11, दलदली रोड महासमुंद | 28/11/2024 |
| 12 | 64/2024 | पटेवा / अ.प.क्र. 59/2024 | CG/04/GV/2006 | अमर सिंग मिरी पिता भगवानो मिरी, | ग्राम कोलपदर तुरेंगा | 28/11/2024 |
| 13 | 66/2024 | सिंघोड़ा / अ. प.क्र. 44/2024 | CG/11/C/3076 | सुशील कुमार नेताम पिता दिलचंद नेताम | ग्राम दर्राभांठा जैजेपुर | 28/11/2024 |
| | | | | अमित बेहरा पिता सहदेव | ग्राम रूढा थाना सिंघोड़ा | 28/11/2024 |
| 14 | 69/2024 | सांकरा / अप. क्र. 37 /2024 | CG/04/GX/2129 | गुलाब राम धृतलहरें पिता प्रेम लाल धृतलहरे | ग्राम कुशगढ़ बाना सलिहा, थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार | 28/11/2024 |
| 15 | 71/2024 | पटेवा/अ.प.क्र. 67/2024 | CG/06/GA/6649 | नागेश्वर रात्रे पिता स्व. जनक राम रात्रे | ग्राम झारा थाना खल्लारी जिला महासमुंद | 28/11/2024 |

(न्यायालय के आदेशानुसार)

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर जिला महासमुंद

G-242503954/1

## शब्द पहेली - 5698



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 5697 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | य | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5711

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL_SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5710 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

रोचक / अनुराग मनींद्र

बच्चों, सामान्य रूप से चलने वाली ट्रेनों में तुमने जरूर सफर किया होगा। आज हम तुम्हें कुछ अलग तरह की ट्रेंस के बारे में बता रहे हैं, इनमें सफर करके तुम्हें एक रोमांचकारी एक्सपीरियंस होगा। इन्हें ट्वॉय-ट्रेन भी कहते हैं। इनमें कुछ ट्रेंस को यूनेस्को ने 'वर्ल्ड हेरिटेज' का दर्जा दिया है।

# ट्वॉय-ट्रेन की जर्नी देगी मेमोरेबल एक्सपीरियंस

बच्चों, क्या तुम जानते हो कि जिन ट्रेनों में सामान्य रूप से तुम यात्राएं करते हो, इनके अलावा कुछ जगहों पर विशेष प्रकार की ट्रेंस चलाई जाती हैं, इन्हें 'ट्वॉय-ट्रेन' कहा जाता है। तुम इन्हें ट्वॉय यानी खिलौना मत समझ लेना। ये प्रॉपर ट्रेंस हैं, इनके लिए अलग रेलवे ट्रैक्स होती हैं। दरअसल, इन्हें 'ट्वॉय-ट्रेन' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इनकी बनावट सामान्य ट्रेनों की तुलना में बहुत अलग होती है, ये ट्रेंस अन्य ट्रेनों की तुलना में छोटी होती हैं, इनमें कम बोगियां होती हैं। दिखने में ये बहुत आकर्षक लगती हैं। जानो बच्चों, भारत में जगह-जगह चलने वाली कुछ ट्वॉय-ट्रेनों के बारे में।



## दार्जिलिंग हिमालयन ट्वॉय ट्रेन

**पश्चिम बंगाल** के न्यू जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के बीच चलने वाली इस ट्वॉय-ट्रेन की जर्नी तुम्हें बहुत ही एडवेंचरस ट्रैवल एक्सपीरियंस देगी। यह ट्वॉय-ट्रेन अनेक टेढ़े-मेढ़े रास्तों और पांच बड़े लूप से होकर ऊंचाई तक पहुंचती है। देश-विदेश के पर्यटक यहां इस ट्वॉय-ट्रेन की जर्नी को एंज्वॉय करने आते हैं। अठारहवीं सदी के



अंत में निर्मित इस रेल-मार्ग को साल 1999 में यूनेस्को ने 'वर्ल्ड हेरिटेज' यानी 'विश्व विरासत' का दर्जा दिया था। *



## नीलगिरि माउंटेन रेलवे ट्वॉय ट्रेन

**दक्षिण भारत** में चलने वाली यह ट्वॉय-ट्रेन, दार्जिलिंग ट्वॉय-ट्रेन के बाद देश की दूसरी सबसे मशहूर ट्वॉय-ट्रेन है। तमिलनाडु के मेट्टूपालयम से उदगमंडलम (ऊटी) तक की जर्नी पूरी करने में इस ट्रेन को करीब पांच घंटे का समय लगता है। लेकिन बच्चों, यात्रा के दौरान पहाड़ियों के बीच से गुजरते हुए तुम्हारा मन वादियों में ऐसा रम जाएगा कि तुम्हें पता ही नहीं चलेगा कि पांच घंटे कैसे गुजर गए। 1908 से चलने वाली इस ट्वॉय-ट्रेन जर्नी को साल 2005 में यूनेस्को की 'विश्व विरासत सूची' में शामिल किया गया। *

## माथेरान हिल रेलवे ट्वॉय ट्रेन

**महाराष्ट्र के** नेरल और माथेरान के बीच यह ट्वॉय-ट्रेन चलती है। यह ट्वॉय-ट्रेन टेढ़े-मेढ़े और घुमावदार रास्तों से पश्चिमी घाटों के खूबसूरत नजारों की सैर कराती हुई नेरल से माथेरान पहाड़ी तक की यात्रा पूरी करती है। इस रेलवे लाइन की शुरुआत 1907 ई. में हुई थी। इसके कुछ डिब्बों में आरामदायक सोफा और एलसीडी स्क्रीन भी लगे हुए हैं, जिससे रास्ते के खूबसूरत नजारे भी आराम से बैठे-बैठे देखे जा सकते हैं। *



## कोलकाता ट्रामवेज को भी कह सकते हैं ट्वॉय ट्रेन



**बच्चों, कोलकाता** ट्रामवेज को भी ट्वॉय-ट्रेन की श्रेणी मे ही रखा जाता है, लेकिन यह वास्तव में एक ट्राम है। यह ट्रेन भारत में ही नहीं, पूरे एशिया की सबसे पुरानी ट्राम-प्रणाली है। यह पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चलती है। बच्चों इसकी जर्नी विंटेज, रेट्रो और क्लासिक फील देती है। 1902 ई. में शुरू किए गए इस ट्रैक पर पहले घोड़ों द्वारा ट्राम चलाई जाती थी। बाद में ट्राम चलाने के लिए भाप इंजनों का उपयोग किया जाने लगा। तकनीक के विकास के साथ अब इस रूट पर विद्युत इंजन से चलने वाली ट्राम चलाई जाती है। *

## कालका-शिमला रेलवे ट्वॉय ट्रेन

**हिमाचल प्रदेश** के शिमला और हरियाणा के कालका के बीच चलने वाली यह ट्वॉय-ट्रेन, पहाड़ों और गांवों के बीच से गुजरते हुए कई खूबसूरत नजारे दिखाती हुई चलती है। इस यात्रा के दौरान ऐसे कई दृश्य दिखेंगे कि तुम्हें लगेगा जैसे तुम कोई खूबसूरत पेंटिंग देख रहे हो। ब्रिटिश शासन के दौरान ब्रिटिश अधिकारी अकसर इस ट्रेन से यात्राएं करते थे। इस रेलवे ट्रैक का निर्माण 19वीं सदी के अंतिम वर्षों मे किया गया था। साल 2008 में इसे यूनेस्को की 'विश्व विरासत सूची' में शामिल किया गया। *



जीव-जंतु / संजीव कुमार आलोक




# अजब-अनोखी समुद्री मछलियां

बच्चों, समुद्र की गहराई में बहुत सी ऐसी मछलियां पाई जाती हैं, जो दिखने में सुंदर, मोहक तो होती ही हैं, साथ ही बहुत ही अजब-अनोखी भी होती हैं। जानो इन मछलियों के बारे में।

बच्चों, विशाल समुद्र में बहुत तरह के जीव-जंतु पाए जाते हैं। इनकी बनावट, रंग-रूप हमें अचंभित करती है। इनमें कुछ रंग-बिरंगी मछलियों भी होती है। आओ जानते हैं इन मछलियों के बारे में।

## तितली जैसी मछली बटरफ्लाई फिश

**समुद्र की** गहराई में तितली जैसी मछली पाई जाती है, इसे 'बटरफ्लाई फिश' कहा जाता है। यह मछली, कोरल रीफ यानी मूंगे की चट्टानों के बीच रहती है। यह बेहद चमकीली और रंगीन होती है, जो दिखने में बेहद खूबसूरत होती है। इसलिए इसे बटरफ्लाई-फिश भी कहा जाता है, क्योंकि इसकी बॉडी पर तितलियों जैसे पैटर्न होते हैं। ये मछली काली, नारंगी, लाल, पीली, सफेद जैसे कई रंगों में पाई जाती है। कुछ बटरफ्लाई फिश के शरीर पर धारियां और धब्बे भी होते हैं। *



## मुंह में इकट्ठा करके लाती है रेत स्ट्राइप्ड गोबी

**यह मछली** भी बेहद खूबसूरत होती है। इसके पूरे शरीर पर रंगीन धारियां पाई जाती हैं, जो इसकी खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ा देती है। यह मछली अपने जबड़ों में रेत इकट्ठा कर लाती है, जिससे यह अपना घर बनाती है। *

## पानी पी-पी कर रहती है गोल-मटोल ग्लोब फिश

**प्यारी-सी** दिखने वाली ग्लोब फिश अपनी क्यूटनेस के कारण लोगों को अपनी तरफ अट्रैक्ट करती है। इसकी एक खासियत यह है कि यह इतनी



अधिक मात्रा में पानी पी लेती है, जिससे इसका शरीर फूलकर गुब्बारे जैसा या यूं कहो, ग्लोब जैसा गोल-मटोल हो जाता है। *

## जीके क्विज-129



1. हाल ही में टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?
2. दुनिया की 8 हजार मीटर की सभी 14 चोटियों को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही कौन बने हैं?
4. पिछले दिनों भारतीय महिला टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में कौन-सा पदक जीता है?
5. भारत के वर्तमान कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री कौन हैं?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. ब्रिटिश संसद के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय कौन थे?
8. किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
9. किस संविधान संशोधन को 'मिनी कांस्टिट्यूशन' कहा जाता है?
10. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?

बच्चों, जीके क्विज-129 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-128 का उत्तर :** 1.संजीव खन्ना, 2.डोनाल्ड ट्रंप, 3.अश्विनी वैष्णव, 4. 1925 ई., 5.नारंगी, 6.ऐंथ्रासाइट, 7.कार्बन डाइऑक्साइड, 8.किडनी, 9.हीलियम, 10.बैकाल

**जीके क्विज-128 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, तुलसी-भानपुरी, वंशिका-भानपुरी, कबीर-हिसार, तुलसी-भानपुरी, वंशिका-भानपुरी, लोकेश्वरी-ईमेल से, संजय-कवर्धा, दिशा-महेंद्रगढ़, अंकित-ईमेल से, खुशी-

## हंसगुल्ले



**नव्या :** ऐसी कौन-सी चीज है, जो फ्रिज में रखने के बाद भी गरम ही रहती है?
**नैंसी :** गरम मसाला।
-खुशबू, रायपुर

**रिंकी :** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**पिंकी :** मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**रिंकी :** मिनीमम (मिनी-मॉम)।
-शुभा, धमतरी

**सोनू :** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू :** मुझे नहीं पता।
**सोनू (हंसते हुए) :** हां-हां, बिल्कुल सही बताया।
-कुमकुम, भोपाल

**पापा :** तुम्हारा रिजल्ट इतना बुरा क्यों आया है?
**रोहन :** अब क्या करें पापा, अच्छे लोगों के साथ हमेशा बुरा ही होता है।
-दिव्यम, बिलासपुर

कहानी

टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

# दीपू को मिला सबक

मंजीत की बगल वाली सीट पर आकर जब दीपू बैठा तो दोनों में कहा-सुनी हो गई। अध्यापक जी ने जब इसकी वजह जाननी चाही तो मंजीत ने बड़ी अजीब-सी वजह बताई। अध्यापक जी को दीपू को समझाना पड़ा। ऐसा क्या हुआ, जो मंजीत और दीपू में कहा-सुनी हो हुई? क्या अध्यापक जी का समझाने का असर दीपू पर कुछ हुआ भी?

दीपू सुबह उठा। दौड़ते हुए बाथरूम गया। वापस आया तो देखा, मम्मी किचन में गरम-गरम रोटियां सेंक रही हैं। उसका मन ललचा गया। दीपू बोला, 'मम्मी, मुझे बड़ी जोर से भूख लगी है।' तभी उसकी नजर चाय पर पड़ी। वह भी गरम। मस्त भाप निकल रही थी। इलाइची की खुशबू आ रही थी। दीपू बोला, 'मम्मी चाय भी पीऊंगा।'

मम्मी ने पूछा, 'ब्रश कर लिया है?'

'हां मम्मी, हो गया मेरा ब्रश।' दीपू ने तपाक से जवाब दिया।

'झूठ तो नहीं बोल रहे हो? इतना जल्दी तुम्हारा ब्रश कैसे हो गया?' मम्मी ने फिर पूछा।

'हां मम्मी, कर लिया है ब्रश।' दीपू ने फिर आज भी रोज की तरह झूठ बोल दिया।

मम्मी ने दीपू की बात मान ली, 'ठीक है, चलो बैठो डाइनिंग टेबल पर।'

दीपू आज फिर मम्मी को बुद्धू बना कर खुश था।

स्कूल का समय हुआ। दीपू स्कूल पहुंचा। दोस्तों के साथ अपनी जगह पर बैठ गया। दो पीरियड हो गए। तभी मंजीत नाम के उसके एक सहपाठी ने कहा, 'दीपू, तुम मेरे पास मत बैठो।'

दीपू ने पूछा, 'क्यों नहीं बैठूं? यह तो मेरी जगह है। तुम्हें मेरे पास नहीं बैठना है तो मत बैठो। मैं अपनी जगह पर ही बैठूंगा।' दोनों में कहा-सुनी होने लगी।



तभी कक्षा में अध्यापक आ गए। उन्होंने इस तरह झगड़ने का कारण पूछा, 'क्या हुआ? क्यों झगड़ रहे हो आपस में?'

दीपू ने बताया, 'सर, मुझे अपनी जगह पर बैठने नहीं देता मंजीत।'

'क्यों मंजीत, ऐसा क्यों कर रहे हो?' अध्यापक ने वजह जाननी चाही।

मंजीत कुछ नहीं बोला, उसकी चुप्पी पर अध्यापक ने झिड़की लगाई, 'क्या बात है, बताओ ना?'

'सर, दीपू के पास बैठो तो उसके मुंह से बदबू आती है।' मंजीत झिझकते हुए बोला।

अध्यापक अपनी हंसी को दबाते हुए बोले, 'क्यों जी दीपू, ब्रश-व्रश करते हो कि नहीं?'

अध्यापक का यह सवाल दीपू को अच्छा नहीं लगा। वह कुछ नहीं बोला।

'क्यों दीपू, मेरी बात सुनाई नहीं दी?' अध्यापक कुछ जोर से बोले।

'करता हूं सर, पर रोज नहीं करता।' कहते हुए दीपू चुप हो गया। उसका सिर झुक गया।


पहले अध्यापक ने मंजीत को समझाया, 'छोटी-छोटी बात पर इस तरह नहीं झगड़ते। लड़ना-झगड़ना अच्छी बात नहीं होती।' फिर दीपू के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले, 'दीपू! अब तुम रोज सुबह सबसे पहले ब्रश किया करो। मुंह, हाथ-पैर ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर की साफ-सफाई बहुत जरूरी है। चलो, अपनी जगह पर बैठो।'

दीपू को आज की घटना से एक बड़ा सबक मिला। उसे बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई। स्कूल की छुट्टी हुई। घर गया। अपनी मम्मी को पूरी बात बताई। मम्मी ने भी साफ-सफाई के बारे में उसे समझाया।

दूसरे दिन दीपू सुबह उठते ही ब्रश और टंग क्लीनर लेकर बाथरूम में गया। यह देख मम्मी मुस्कुरा रही थीं। *

कविता

अलका 'सोनी'



## आया जाड़ा, खुल गया बक्सा!

आया जाड़ा, खुल गया बक्सा,
देखें क्या-क्या था मां ने रखा!!
लाल मफलर, नरम रजाई,
उजला स्वेटर, जैसे मलाई!!
भूरा जैकेट, गुलाबी टोपी
स्कार्फ सर चढ़ते ही बोली!!
काले-नीले मेरे दस्ताने
बाहर आकर लगे बुलाने!!
साल भर यूं रहते-रहते
भीड़-भाड़ से लगे थे अकुलाने!!
अब आई है सर्दी रानी
हमसे होगी दोस्ती निभानी!!
बहुत दिनों तक अंदर रखा
अब जाकर हमको झांका
आया जाड़ा खुल गया बक्सा!!
देखें क्या-क्या था मां ने रखा!!

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए दोनों चित्र एक जैसे दिख रहे हैं, लेकिन इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.लड़के की कैप पर पीली रंग पट्टी लगी हुई है। 2.लड़के के बैग पर बनी कार की तस्वीर गायब है। 3.लड़की के बालों में लगा हेयर-बैंड गायब है। 4.लड़की के स्कर्ट की [illegible] है। 5.लड़की के ट्रॉली बैग पर बिल्ली की तस्वीर बनी हुई है।

## सही रास्ता खोजो

बच्चों, चित्र में दिख रहा मंकी काफी देर से भूखा है और उसे बनाना खाना है। लेकिन बनाना तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इस मंकी के बनाना तक पहुंचने का रास्ता तो खोजो जरा।



## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चों, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी की दो-दो कॉपियां दी गई हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जिसकी कोई कॉपी नहीं है। उस अकेले चित्र को ढूंढो, जिसकी कोई कॉपी नहीं है।



**पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज। महासमुंद।** नगर के पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# महिलाओं के साथ की करोड़ों की ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदुरमाल निवासी श्रीमती कल्याण नामदेव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह पावर हाऊस रोड सिटी माल फ्लोरा मैक्स कम्पनी के संचालक अखिलेश सिंह एवं उसके सहयोगियों के द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से षडयंत्र कर, धोखाधड़ी कर रकम हड़प लिया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 2(4), 336, 338, 3(5) पंजीबद्ध किया है। पुलिस के मुताबिक श्रीमती कल्याणी नामदेव ने जो शिकायत दर्ज करायी है उसके मुताबिक अखिलेश सिंह स्वयं को फ्लोरा मैक्स कम्पनी का मालिक बताकर अपना परिचय कराया था। कम्पनी में उसके सहायक राजू सिंह, श्रीमती गुड़िया सिंह, मयाराम साहू, कु तनिपा बघेल, श्रीमती संतोषी साहू, बलराम सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री महिला रोजगार योजनान्तर्गत अत्यधिक लाभ अर्जित करने के लिए विभिन्न व्यवसायों में संलग्न होने के लिये प्रेरित किया गया। इसके लिये अखिलेश सिंह द्वारा अपनी कम्पनी में निवेश करने पर महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों में संलग्न करने का प्रस्ताव रखा गया और प्रति महिलाओं से 30 हजार रूपये जमा कराने कहा था। अखिलेश के झांसे में आकर हजारों की संख्या में महिलाओं ने दस-दस महिलाओं का समूह बनाकर लगभग 40 हजार महिलाओं को जोड़ा गया है।

## इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

कांकेर। कोड़ेकुर्से थानांतर्गत मुरके निवासी राजाराम कवाची का ईलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस अस्पातल में 13 नवंबर को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश करने पर रायपुर के थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोड़ेकुर्से थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

SYSTEM TENDER NO: 161500 NIT No. 872 BHATGAON DATED : 20/11/2024

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works up to date 11/12/2024 at 11:58 hours.

| Sl. No. | Description | EMD/Cost of Tender Form/TDR/FDR |
|---|---|---|
| 1 | STREET LIGHT POLE EXTENTION FROM SINGHI CHUWAN ROAD IN WARD NO 01 (Electrical SOR 01.06.2020) | Rs. 29.49 Lac<br>Rs. 22118/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate. gov.in from 21/11/2024 at 10:00 Hours (IST) onwards. For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

पत्र क्रमांकः एसईसीएल/मप्र/को./कार्मिक विभाग/24/403 दिनांक 07.11.2024

### आवश्यक सूचना

**विषयः- ग्राम-करतली के 07 भू-स्वामी से कुल 07 नौकरियां एसईसीएल में नौकरी की अनुमोदन की सूचना।**

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की प्रस्तावित अंबिका परियोजना हेतु निम्न भू–स्वामियों को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसकी सूची इस प्रकार है:–

**ग्राम-करतली :-**

| Sl. No. | Name of land owner and Acquired Plot No. & Area (as certified by L&R Deptt., SECL HQ) | Acquired Land (in Acres) | ADOL Sl. No./(No. of employments admissible) | Name of person proposed for employment, DOB, education and relation with landowners | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | छेदीलाल पिता जय जय राम<br>खसरा नं. / Area of land<br>145/15 :- 0.10<br>152/1क :- 0.14<br>621/7 :- 0.80 | 1.04 Acre | 77/01 employment | Durgesh Kumr S/o Chhedi Lal<br>Relation with Land Owner - Son<br>Caste - Non ST (OBC)<br>D.O.B. - 02.06.1999<br>Education - 12th + ITI + BCA<br>Aadhar - 3583 3101 9620 | |
| 02 | मालिकराम पिता तुलसी<br>खसरा नं. / Area of land<br>195/5 :- 0.35<br>597/9 :- 0.30 | 0.65 Acre | 132/01 employment | Ramgopal S/o Malikram<br>Relation with Land Owner - Son<br>Caste - ST (गोंड)<br>D.O.B. - 03.04.1985<br>Education - 10th<br>Aadhar - 8967 6381 5035 | |
| 03 | राजकुमारी पिता बुधवार सिंह<br>खसरा नं. / Area of land<br>153/12 :- 0.11<br>598/4ग :- 1.12<br>630/1घ/6 :- 0.36<br>630/1घ/7 :- 0.20 | 1.79 Acre | 37/01 employment | Bhaskar S/o Jagat Ram<br>Relation with Land Owner - Son of Rajkumari<br>Caste - ST (गोंड)<br>D.O.B. - 23.11.2002<br>Education - 12th<br>Aadhar - 8711 8389 2120 | |
| 04 | परमानंद पिता जगदीश<br>खसरा नं. / Area of land<br>596/3 :- 1.45<br>616/1 :- 0.20 | 1.65 Acre | 40/01 employment | Sarita D/o Parmanand<br>Relation with Land Owner - Married Daughter<br>Caste - ST (गोंड)<br>D.O.B. - 20.04.1981<br>Education - 12th<br>Aadhar - 3852 1937 4347 | |
| 05 | इंद्रजीत सिंह पिता सहोरिक सिंह<br>खसरा नं. / Area of land<br>563/21 :- 0.03<br>571/19 :- 0.27<br>516/4 :- 0.19<br>506/9 :- 0.20 | 0.69 Acre | 125/01 employment | Suraj Kumar S/o Indrajeet Singh<br>Relation with Land Owner - Son<br>Caste - ST (गोंड)<br>D.O.B. - 14.11.1999<br>Education - 12th<br>Aadhar - 4139 9437 8027 | |
| 06 | सुरभवन सिंह पिता चैतराम<br>खसरा नं. / Area of land<br>638/10 :- 0.50<br>638/13 :- 0.20 | 0.70 Acre | 122/01 employment | Umend Kumar S/o Suryabhawan Singh<br>Relation with Land Owner - Son<br>Caste - ST (गोंड)<br>D.O.B. - 04.05.1998<br>Education - B.A. + I.T.I<br>Aadhar - 6359 2841 7451 | |
| 07 | राम सिंह पिता वैसाखू<br>खसरा नं. / Area of land<br>168/9 :- 0.22<br>188/1 :- 0.33<br>582/4 :- 0.27<br>625/3 :- 0.60 | 1.42 Acre | 53/01 employment | Mamta D/o Ram Singh<br>Relation with Land Owner - Daughter<br>Caste - ST (गोंड)<br>D.O.B. - 28.06.1978<br>Education - M.A. (Sanskrit) + D.C.A.<br>Aadhar - 8656 3436 4354 | |
| Total Land in Acres | | 7.94 Acres | | Total employment - 07 (06 ST & 01 Non ST) | |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम–करतली के उक्त भूमि की समस्त भू–स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू–स्वामियों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय–सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

SECL:24-25:235 महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

## kotak कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

कॉर्पोरेट पहचान संख्या L65110MH1985PLC038137).

**पंजीकृत कार्यालय:** 27BKC, C 27, G ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (E), मुंबई - 400 051 **कॉर्पोरेट कार्यालय:** कोटक इन्फिनिटी, जोन-II, 4वीं मंजिल, बिल्डिंग नंबर 21, इन्फिनिटी पार्क, ऑफ. डब्ल्यू.ई. हाईवे, गोरेगांव, मुंबई - 400 097 **शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय:** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, मुक्ता प्रयाग कॉम्प्लेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पास, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492001

### ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणधारक/सह–ऋणधारक/जमानतदार को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक कब्जा **कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 29-03-2023 को ले लिया गया है, तथा जिसे **"जहां है, जैसा है" तथा "जो कुछ भी है"** के आधार पर हमारे ई–नीलामी सेवा भागीदार, मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेब पोर्टल यानी www.c1india.com के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा बेचा जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

| ऋणधारक(ओं)/जमानतदार(ओं)/बंधककर्ता(ओं) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|
| **(ऋण खाता क्रमांक RHB128811 एवं CRN क्रमांक 100087797) 1. श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र शिव कुमार वर्मा** पता 198, मदवाड़ी पारा, कन्या छात्रावास के पास नयागंज वार्ड, भाटापारा, बलौदा बाजार, रायपुर, छ.ग. 493118<br>**2. श्री नरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र शिव कुमार वर्मा** पता : 198, मड़वाड़ी पारा, गर्ल्स छात्रावास के पास नयागंज वार्ड, भाटापारा, बलौदा बाजार, रायपुर, छ.ग. 493118<br>3. **श्रीमती द्रुपति वर्मा,** पता : 198, मदवाड़ी पारा, गर्ल्स छात्रावास के पास, नयागंज वार्ड, भाटापारा, बलौदा बाजार, रायपुर, छ.ग. 493118 | **मांग सूचना तिथि**<br>13-08-2019,<br>रुपये 23,82,294.39/-<br>(तेईस लाख बयासी हजार दो सौ चौरानबे रुपये और उनतीस पैसे मात्र)<br>**13-08-2019** तक | निम्नलिखित संपत्तियों पर बंधक: आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा मौजा ग्राम अवर्ती में स्थित स्वयं अधिभोगी मकान प.ह.नं.10 व्यपवर्तित भूमि खाता नं. 270/17 क्षेत्रफल 1870 वर्ग फीट तहसील भाटापारा, जिला बलौदा बाजार छ.ग. चौहद्दी–पूर्व : जयराम त्रिपाठी की भूमि, पश्चिम : दल्लू की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : सड़क। |

| आरक्षित मूल्य | बयाना राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|
| रु. 38,47,140/-<br>(रुपये अड़तीस लाख सैंतालीस हजार एक सौ चालीस मात्र) | आरपी राशि का 10% 3,84,714/-<br>(तीन लाख चौरासी हजार सात सौ चौदह रूपये मात्र) |

| बोली वृद्धि राशि | अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि | नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| रु. 50,000/- | 04/12/2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक | 11/12/2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक |

**प्रस्ताव/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि:- 10/12/2024, शाम 5.00 बजे तक।**

**बिक्री के महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें:**

**(1)** नीलामी बोली दस्तावेज की आगे की नियम एवं शर्तों तथा उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता हमारे ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट यानी https://www.bankeauctions.com पर जाकर बोली दस्तावेज, ई–नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण तथा बोली प्रपत्र देख सकते हैं, जिसे ऑनलाइन जमा किया जाएगा **(2)** सभी इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को उपरोक्त तिथि एवं समय पर ई–नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com के रूप में ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा तथा अपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड निःशुल्क बनाना होगा **(3)** ई–नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई–नीलामी सेवा भागीदार धरणी कृष्णा के मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से मोबाइल नंबर: 9948182222 और ई–मेल आईडी : mpcg@c1india.com और support@bankeauctions.com के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं; **(4)** प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्ति/यों में कोई भार नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाता पूर्व नियुक्ति के साथ ऊपर बताए गए अनुसार या किसी अन्य तिथि और समय पर संपत्ति और उसके दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते हैं और उन्हें अपनी बोली जमा करने से पहले भार, ई–नीलामी पर रखी गई संपत्ति/यों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया राशियों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई–नीलामी विज्ञापन KMBL की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वे केएमबीएल को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा; ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक खरीदार/बोलीदाताओं को वेब पोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर सुरक्षित संपत्ति के ब्याज मुक्त वापसी योग्य बयाना राशि जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण 'कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुत/अपलोड करना होगा, साथ ही ऊपर निर्दिष्ट अनुसार पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास पते का प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्ताव और पते के प्रमाण की स्वयं सत्यापित प्रतियां भी साथ लानी होंगी। **(5)** ई–नीलामी में सफल नहीं होने वाले अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी ई–नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर केएमबीएल द्वारा वापस कर दी जाएगी। **(6)** सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 1% टीडीएस (बिक्री आय में से) के रूप में देना होगा और प्राधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस के रूप में 1% की कटौती के बाद) जमा करनी होगी, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने के 15 कार्य दिवसों के भीतर ईएमडी को समायोजित करना होगा, या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जाने वाले अन्य विस्तारित समय के भीतर, ऐसा न करने पर बयाना जमा जब्त कर लिया जाएगा।

ऋणधारक/बंधककर्ता/जमानतदार को **सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के तहत 15 दिन का वैधानिक नोटिस** दिया जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से तीस दिनों के भीतर देयता का पूर्ण रूप से निर्वहन करें और ऊपर बताए गए बकाए का भुगतान करें, साथ ही ब्याज और व्यय का भुगतान करें। ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति को ऊपर बताए गए नियमों और शर्तों के अनुसार बेचा जाएगा। यदि अंग्रेजी और स्थानीय समाचार पत्रों में बिक्री नोटिस के प्रकाशनों में कोई विसंगति है, तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी समाचार पत्र स्थानीय समाचार पत्र का स्थान लेगा और इसे अंतिम प्रति माना जाएगा, जिससे अस्पष्टता दूर हो जाएगी। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बिक्री की तारीख से पहले बैंक को देय राशि का पूरा भुगतान कर देते हैं, तो नीलामी रोक दी जाएगी।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, **बैंक के उपर्युक्त क्षेत्रीय कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी प्रशांत सातपुते @ 9724433999 और श्री अशोक मोटवानी @ 9873737351 से संपर्क करें।**

**विशेष निर्देश:** ई–नीलामी कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) की ओर से हमारे सेवा प्रदाता मेसर्स C1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व–निर्दिष्ट तिथि पर आयोजित की जाएगी, जबकि बोलीदाता अपने घर/कार्यालय/बोली के स्थान से अपनी पसंद के अनुसार आरक्षित मूल्य से ऊपर बोली लगाएंगे। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामान की आवश्यकताओं को बोलीदाताओं द्वारा स्वयं सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से) बोलीदाताओं की एकमात्र जिम्मेदारी होगी और न तो KMBL और न ही C1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प करें ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और फिर भी ई–नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। हालाँकि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धृत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थान :- बलौदा बाजार (म.प्र.) दिनांक : 22/11/2024 सही/-प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

## चाकूबाजों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 1 हजार रुपए का पुरस्कार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने चाकूबाजों को पकड़ने के लिए एक नई पहल की है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर अब शहर में चाकू लेकर घूमने और संदिग्ध गतिविधियां कारित करने वालों की जानकारी देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्हें 1 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। साथ ही उनका नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए यह कवायद शुरू की गई है। ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। दुर्ग एसपी ने इसका पोस्टर भी जारी किया है।

## हथौड़े के हमले से भाभी की मौत, भाई गंभीर, आरोपी फरार

**जगदलपुर** । परपा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े बोदल में बुधवार रात एक देवर ने अपनी भाभी व भाई के सिर पर हथोड़े से हमला कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। हमले में गंभीर घायलों को उपचार के लिए मेकाज भेजा गया। यहां इलाज के दौरान भाभी की मौत हो गई। वहीं भाई का मेकाज में उपचार चल रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी केशलूर मोहम्मद नासिर बाटी के पर्यवेक्षण में थाना परपा प्रभारी भोला सिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

पुलिस के मुताबिक बड़े बोदल स्कूलपारा निवासी बोड़कू मंडावी अपनी पत्नी जयमनी व दो बच्चे गणेश (11) व बेटी अनुराधा (3) के साथ घर में मौजूद थे। वहीं, बोड़कू का छोटा भाई नीलू मंडावी अपनी पत्नी सुको व दो बच्चों के साथ भाई के घर से कुछ दूरी में रहता है। बताया जा रहा है कि करीब सा भर से नीलू मंडावी की दिमागी हालात ठीक नहीं चल रही है। बुधवार की रात को अचानकनीलू बड़े भाई बोड़कू के घर आया जहां भाभी जयमनी ने उसे खाना खाने की बात कही। जिस पर नीलू ने खाना न खाने की बात कहते हुए चला गया। कुछ देर बाद नीलू वापस आया और अपनी भाभी जयमनी के ऊपर हथोड़े से वार करने लगा। पत्नी पर हमला होता देख भाई बीच-बचाव करने के लिए पहुंचा। आरोपी नीलू ने बड़े भाई के ऊपर भी हथोड़े से वार करते हुए फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग घर पहुंचे। घायलों को आसपास के लोग अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान जयमनी ने दम तोड़ दिया जबकि भाई को घायल अवस्था मे भर्ती किया गया है।

## भारतमाला प्रोजेक्ट के मजदूर ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत

**धमतरी।** मेटाडोर में सरिया लोड करवाकर बाइक से वापस लौट रहे भारतमाला प्रोजेक्ट के मजदूर ठेकेदार को ट्रक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी व साथी मजदूरों के अनुसार प्रमोदकुमार पिता नागेंद्र सिंह उम्र 29 वर्ष ग्राम सिकारियन थाना भोजपुर जिला बिहार निवासी लेबर कांट्रेक्टर का काम करता था। इन दिनों भारतमाला परियोजना के दुगली क्षेत्र से होकर गुजरे सिक्सलेन रोड में प्रमोद केरेगांव में रहकर मजदूर ठेकेदार का काम कर रहा था। युवक बुधवार को भारतमाला परियोजना के ग्राम बेदवा कैंप में सरिया स्टील को मेटाडोर में लोड कराने गया था। मेटाडोर में सरिया लोड कराने के बाद युवक मोटरसाइकिल से वापस केरेगांव लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एपी 29 यूएफ 8099 के चालक ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी।

## न्यायलय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. ......अ/19 (1) वर्ष 2024-25
ग्राम महासमुंद प.ह.न.-42 तहसीलदार व जिला महासमुंद

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक/142/वा-1/अ.वि.अ. (रा.)/2024 महासमुंद, दिनांक 08.11.2024 के अनुसार आवेदक आयकर अधिकारी महासमुंद **Government of india ministry of Finance Department of Revenue office of the Chief Commissioner of Income Tax** द्वारा ग्राम महासमुंद प.ह.न. 42 तहसील व जिला महासमुंद स्थित भूमि खसरा नंबर 1703/1 रकबा 1.739 हे. में से 9975 वर्गफीट भूमि को विभाग के नाम पर आबंटित किये जाने के मांग किये जाने पर न्यायालय कलेक्टर महासमुंद द्वारा प्रकरण क्रमांक 11 अ/59 वर्ष 2017-18 में पारित आदेश दिनांक 31.05.2018 के माध्यम से **Government of india ministry of Finance Department of Revenue office of the Chief Commissioner of Income Tax** के नाम पर सुरक्षित करते हुए मूल प्रकरण नियमानुसार जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ था किन्तु आज दिनांक तक वांछित प्रकरण वापस प्रेषित नहीं किये जाने से आवेदक आयकर विभाग के द्वारा भूमि आबंटित किये जाने हेतु पुनः आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि को आबंटन कर भूमि स्वामी हक प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27/11/24 को कार्यालयीन अवधि में न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है. उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया। मुहर

तहसीलदार
महासमुंद

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

107, राम नगर रोड, कोटा, रायपुर -492010
107, RAM NAGAR ROAD, KOTA,RAIPUR-492010
Phone: 0771-2254589,
Email : rd-cgarh@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in/www.esic.in

No-59-U/17/13/08/2019-mIMP दिनांकः 20/11/2024

### एलोपैथिक डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए ESI योजना से जुड़ने का सुनहरा अवसर

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्न जिलों में Modified Insurance Medical Practitioner (**mIMP**) योजना के तहत Doctor(Allopathic), Chemist एवं Diagnostic Centre Empanel करने हेतु Online आवेदन कर सकते हैं जिसमें बीमित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना है एवं मोबाइल एप के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराना है :-

निम्नानुसार **Empanelment** हेतु ऑनलाइन आवेदन **esic.gov.in** पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाने है :

| mIMP योजना के तहत आवश्यकता | जिला का नाम |
|---|---|
| mIMP | Balod, Sukma, Mungeli, Balrampur, Narayanpur, Surajpur, Bijapur, Datewada, Manedragarh-Chirmiri, |
| eC | Jashpur, Kanker, Koriya, Sukma, Mahasamund, Mungeli, Balrampur, Narayanpur, Surajpur, Bijapur, Dantewada, Manedragarh-Chirmiri, |
| eDiagnostic | Balod, Jashpur, Kanker, Koriya, Sukma, Mungeli, Bemetara, Narayanpur, Bijapur, Dantewada, Kondagaon, |

इच्छुक आवेदक **www.esic.gov.in---→ Health Services Apply under mIMP Scheme** के ऑनलाइन लिंक पर **दिनांक 30.11.2024 तक** आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु **दूरभाष संख्या-0771-2253689** में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम, रायपुर पर संपर्क किया जा सकता है ।

आवेदन के अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

क्षेत्रीय निदेशक

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महा.प्र./को./भू.रा./2024/337 दिनांक 05.10.2024

### आवश्यक सूचना

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की संचालित सराईपाली खुली खदान हेतु भू-स्वामी को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जो इस प्रकार है:-

ग्राम- बुड़बुड़ :-

| Sl. No | Name of land owner as per Approved Descending Order List | Sl. No. in the approved Descending Order List/employments dmissible) | Cancellation of previous sanction order no. | Name of new nominee for employment (chance of nomination) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Kholbahra S/o Nohar Singh<br>ग्राम- बुड़बुड़<br>जाति- आदिवासी<br>खसरा नं.- 550/3 (535/4क पी, 535/26 क पी)<br>कुल रकबा- 1.17 Acres | 126 Old ADOL and 125 (3rd Revised ADOL/<br>01 employment is admissible | Order no 76 dated 16/17-03-2018 earlier which was sanctioned in the name of Nain Singh S/o Kholbahra) | Laky Lom Harshak Shyam S/o Bhanwar Singh Shyam Relation with Land Owner – Grand Son<br>Caste – Gond ST<br>D.O.B. – 06.12.2003 (as per HSC)<br>Education- 12th<br>Aadhar – 4887 4680 4657 | Employment to grandson in instant proposal has been considered in line with decision of 279 SECL Board meeting held on 28.11.2018 vide item no 279:4:6 |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम- बुड़बुड़ के उक्त भूमि के भू-स्वामी को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू-स्वामी को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाषन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय-सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

महाप्रबंधक,एसईसीएल,कोरबा क्षेत्र

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

जीएम/बीएसपीआर/भू.-रा./आमगांव/24/2383 दिनांक 02.11.2024

### सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत आमगॉव ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम पटना के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

| क्र | भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9(1) दि0 15.07.2006 का | स्टेटमेंट 1ए के अनुसार भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम/वर्तमान वारिस का नाम | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम एवं भूमिस्वामी से सम्बंध | दस्तावेज | | नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | धर्मसाय आ0 सहदेव, सफियानो बेवा सहदेव, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक- 1134, 1423, 1425, 1429, 1467, 1592/1, 1617/1, 1620 कुल 08 प्लाट, कुल रकबा 0.88 हे0 अर्थात् 2.174 एकड़ | धर्मसाय आ0 सहदेव, सफियानो बेवा सहदेव, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक-1134, 1423, 1425, 1429, 1467, 1592/1, 1617/1, 1620 कुल 08 प्लाट, कुल रकबा 0.88 हे0 अर्थात् 2.174 एकड़ | 1. मिथलेश्वर सिंह आ0 बिहारी राम सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-धरमसाय का पोता, जाति-गोंड़ (आदिवासी) | 1. | वंशवृक्ष | मिथलेश्वर सिंह आ0 बिहारी राम सिंह |
| | | | | 2. | निवास प्रमाण पत्र | मिथलेश्वर सिंह पिता बिहारी राम सिंह |
| | | | | 3. | जाति प्रमाण पत्र | मिथलेश्वर सिंह पिता बिहारी राम सिंह |
| | | | | 4. | शिक्षा प्रमाण पत्र | मिथलेश्वर सिंह पिता बिहारी राम सिंह |
| | | | | 5. | रोजगार पंजीयन | मिथलेश्वर सिंह पिता बिहारी राम सिंह |
| | | | | 6. | मतदाता परिचय पत्र | मिथलेश्वर सिंह पिता बिहारी सिंह |
| | | | | 7. | राशन कार्ड | मिथलेश सिंह |
| | | | | 8. | आधार कार्ड | मिथलेश्वर सिंह आ0 बिहारी राम सिंह |

अतः किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ती हो तो अपना पुरा नाम, हस्ताक्षर, पता मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करें अन्यथ समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दाव/आपत्ती मान्य नहीं होगी और न ही स्वीकार किया जायेगा। यह भी कि पूर्व प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही प्रकरण का ही नियमानुसार निराकरण किया जायेगा।

क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक,बिश्रामपुर क्षेत्र

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महा.प्र./कुस/भू.रा./2024/1468 दिनांक 09.11.2024

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम गेवरा(भैसमाखार) की भूमि का अर्जन (एल.ए.) के तहत किया गया है, जिसका अंतरिम अवार्ड की तिथि 12.04.2002 एवं अंतरिम अवार्ड की तिथि 27.01.2004 को परित किया गया था, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार है:-

| क्र | पत्रक 13 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | ग्राम | खाता नम्बर बी 1 वर्ष 2019-2020 के अनुसार | खसरा नम्बर | रकबा (एकड में) | कुल रकबा (एकड में) | उम्मीद्वार का नाम(नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी /उम्मीद्वार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार का नाम | |
| 1 | ईश्वरी बाई पिता हरिशचन्द्र | गेवरा (भैसमाखार) | 114 | 195/3 | 0.34 | 0.34 | निशांत सिंह तंवर पिता अवधेश सिंह (संबंध-पोता) | नामांकन पत्र | ईश्वरी बाई पिता स्व. हरिशचन्द्र | निशांत सिंह तंवर पिता अवधेश सिंह | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | | सत्यापन | ईश्वरी बाई पिता हरिशचन्द्र | निशांत सिंह तंवर पिता अवधेश सिंह | |
| | | | | | | | | पत्रक 13 | ईश्वरी बाई पिता हरिशचन्द्र | --- | |
| | | | | | | | | पत्रक 22 | ईश्वरी बाई पिता हरिशचन्द्र | --- | |
| | | | | | | | | बी- 1 वर्ष 2003-04, 2019-20 | ईश्वरीबाई पिता हरिश चन्द्र | --- | |
| | | | | | | | | पी-2 वर्ष 1986-88-89, 2002-03, 2003- 04, 2009-14, 2019- 20 | ईश्वरीबाई पिता हरिश चन्द्र | --- | |
| | | | | | | | | अधिकार अभिलेख | हरिचन्द्र सिंह पिता मैनाक सिंह | | |
| | | | | | | | | ऋण पुस्तिका | ईश्वरी बाई पिता हरिशचन्द्र सिंह | --- | |
| | | | | | | | | वंशवृक्ष | ईश्वरी बाई पिता स्व. हरिशचन्द्र | निशांत सिंह तंवर पिता अवधेश कुमार सिंह | |
| | | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | --- | निशांत सिंह पिता अवधेश कुमार सिंह | |
| | | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | --- | निशांत सिंह पिता अवधेश कुमार सिंह | |
| | | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 10th-Nishant Singh s/o Awdhesh Kumar Singh<br>ITI- Nishant Singh s/o Awdhesh Kumar Singh<br>DOB- 18.01.2004 | |
| | | | | | | | | रोजगार पंजी | --- | Nishant Singh s/o Awdhesh Kumar Singh | |
| | | | | | | | | आधार कार्ड | ईश्वरी बाई पति मैनेजर सिंह | निशांत सिंह तंवर पिता अवधेश कुमार सिंह | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार ) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व),एसईसीएल,कुसमुण्डा क्षेत्र

## हर्षवर्धन ने फिक्की के अध्यक्ष का पद संभाला

**नई दिल्ली।** इमामी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हर्षवर्धन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को वर्ष 2024-25 के लिए फिक्की के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग मंडल के 97वें वार्षिक सम्मेलन में उन्होंने अनीश शाह से पदभार संभाला। फिक्की ने बयान में कहा कि आरपीजी समूह के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका को फिक्की का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। 'द सनमार समूह' के चेयरमैन विजय शंकर उपाध्यक्ष के रूप में फिक्की नेतृत्व में शामिल हुए हैं। हर्षवर्धन अग्रवाल 3.1 अरब डॉलर के विविध कारोबारी समूह इमामी के दूसरी पीढ़ी के अगुवा हैं।


### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता
### महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ. ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 161247 / निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि / 2024-25,
डोंगरगांव दिनांक 20.11.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **11.12.2024 17:30 तक** ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

